## ब्रीफ न्यूज

### बोर्ड परीक्षा की उलटी गिनती शुरू

**उज्जैन में 10वीं-12वीं के 40 हजार से ज्यादा छात्र देंगे परीक्षा, नकल पर लगेगी सख्त लगाम**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की वर्ष-2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिले में प्रशासनिक तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। दशहरा मैदान स्थित शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया।

प्रश्न-पत्र, उत्तर पुस्तिकाएं और ओएमआर शीट जैसी अत्यंत गोपनीय सामग्री को वितरण के तुरंत बाद संबंधित थाना क्षेत्रों में पूरी पारदर्शिता के साथ जमा कराया गया। अब प्रशासन का पूरा फोकस परीक्षा को नकलमुक्त कराने और जिले के परिणाम को और बेहतर बनाने पर है।

### एनजीटी की फटकार के बाद हरकत आए में निगम के अफसर

**सात दिनों में खाली होंगे उज्जैन के पौराणिक सप्त सागर, अतिक्रमण पर चलेगा बुलडोजर**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सख्त नाराजगी और मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को सीधे हस्तक्षेप के निर्देश के बाद उज्जैन नगर निगम प्रशासन आखिरकार एक्शन मोड में आ गया है। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए एनजीटी ने शहर के पौराणिक सप्त सागरों के संरक्षण को मिशन मोड पर लेने के आदेश दिए हैं। इसके तहत नगर निगम को सात दिनों के भीतर सभी अतिक्रमण हटाने और व्यापक सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

बीते दिन नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दो टूक चेतावनी दी गई कि अब केवल फाइलों में कार्रवाई नहीं चलेगी, बल्कि धरातल पर ठोस परिणाम दिखने चाहिए। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि जिन क्षेत्रों पर कोई न्यायिक स्टे नहीं है, वहां बिना देरी बुलडोजर चलाया जाए।

### अप्रैल से संभाग में दौड़ेंगी सीएम सुगम परिवहन योजना की बसें

**यूसीटीएसएल बोर्ड का पुनर्गठन, यूडीए सीईओ संदीप सोनी बने कार्यकारी निदेशक**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना की तैयारी अब उज्जैन संभाग में भी तेज हो गई है। योजना को धरातल पर उतारने के लिए उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (यूसीटीएसएल) के बोर्ड का पुनर्गठन कर दिया गया। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) के सीईओ संदीप सोनी को कंपनी का कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है, जबकि परिवहन सचिव मनीष सिंह एमडी की भूमिका निभाएंगे।

नई वित्तीय वर्ष अप्रैल से प्रदेश में शुरू होने जा रही इस योजना के तहत सार्वजनिक परिवहन को व्यवस्थित, सुलभ और भरोसेमंद बनाने पर जोर रहेगा। उज्जैन संभाग के आठ जिलों में इस योजना के तहत बस सेवाएं शुरू करने की तैयारी की जा रही है। यूसीटीएसएल के नए बोर्ड में उज्जैन संभाग के उज्जैन, रतलाम, शाजापुर, देवास, नीमच, मंदसौर और आगर-मालवा जिलों के कलेक्टर, संबंधित महापौर, नगर निकाय प्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। इससे योजना के क्रियान्वयन में प्रशासनिक समन्वय मजबूत होगा।

### कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री सिंह ने 11 व्यक्तियों को छह-छह माह के लिए जिला बदर किया

**उज्जैन (ब्यूरो)।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रौशन कुमार सिंह ने देवासगेट थाना क्षेत्र के कालू उर्फ टेंशन, उर्फ रितेश पिता हेमराज, महिदपुर थाना क्षेत्र के अकरम पिता मोहम्मद हनीफ, दशरथ पिता रतनलाल , माधवनगर थाना क्षेत्र के भरत उर्फ भर्रा गेहलोत पिता राजू गेहलोत, महाकाल थाना क्षेत्र के रोहित उर्फ टल्ला पिता अय्यूब शाह उर्फ राजू शाह, चिमनगंजमंडी थाना क्षेत्र के भूरा उर्फ ओहिल उर्फ आहिल पिता शफीक, नीलगंगा थाना क्षेत्र के मयूर उर्फ मयूरेश पिता शरद व्यास, घट्टिया थाना क्षेत्र के दिलीप पिता रमेश बागडिया, पंवासा थाना क्षेत्र के मोहसिन पिता फारुख मंसूरी, भाटपचलाना थाना क्षेत्र के भुरू उर्फ भूरालाल पिता रामलाल मावी को छह-छह माह के लिए जिला बदर किया है।

# पुजारी-पुरोहितों के लिए अलग रास्ता, गेट नंबर 13 से करेंगे प्रवेश

**महाशिवरात्रि की महातैयारीः पुजारी-पुरोहितों के साथ प्रशासक ने की मीटिंग**



**उज्जैन (ब्यूरो)।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गई हैं। एक दिन पहले अधिकारियों के साथ बैठक लेकर दर्शन सहित अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपने के बाद गुरुवार को मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने पुजारी एवं पुरोहितों के साथ बैठक की। इसमें महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और मंदिर की आंतरिक व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई।

### यह व्यवस्थाएं भी निर्धारित की

पूजन व्यवस्था- महाशिवरात्रि पर्व पर पूजन कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा ना आए, इसके लिए पुजारियों के आने-जाने के लिए अलग रास्ता निर्धारित किया है।

प्रवेश द्वार- पुजारी और पुरोहितों के मंदिर में प्रवेश के लिए गेट नंबर 13 को निर्धारित किया ताकि वे समय पर और बिना किसी असुविधा के मंदिर परिसर में पहुंच सकें।

पूजन सामग्री- पूजन सामग्री को मंदिर में लाने की व्यवस्था को भी सरल बनाया है ताकि अभिषेक व अन्य धार्मिक अनुष्ठान बिना रुकावट चलते रहें।

भोज व्यवस्था- महाशिवरात्रि के बाद होने वाले भोज (प्रसादी) के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए ताकि वहां भी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें।

### इधर, हेल्थ कैम्प में की जांच

**इधर, विश्व कैंसर दिवस पर गुरुवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर के मानसरोवर भवन स्थित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में फ्री हेल्थ कैम्प लगाया गया। प्रभारी चिकित्सक डॉ. देवेंद्र परमार ने बताया कि कैम्प में स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स ने मंदिर के अधिकारी-कर्मचारियों की जांच की। इस दौरान मुख्य रूप से मुख कैंसर की स्क्रीनिंग, दंत संबंधी परामर्श, शुगर, ब्लड प्रेशर और ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जांचें की गईं। कैम्प में डॉ. अनुज व्यास, डॉ. वंशिका भट्ट (डेंटिस्ट), डॉ. सचिन ठाकुर, विलास भौंसले, योगेंद्र सिंह, जतिन चौरे और उनकी टीम ने सेवाएं दीं।**

# बॉलीवुड सिंगर मीका सिंह तड़के महाकाल मंदिर पहुंचे



**भस्म आरती में हुए शामिल; नंदी हॉल में बैठकर किए दर्शन, कहा- भक्ति का अनुभव अद्भुत है**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक मीका सिंह शनिवार तड़के करीब चार बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। वे सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल हुए। इस दौरान मीका सिंह ने नंदी हॉल में लगभग डेढ़ घंटे तक बैठकर भगवान महाकाल की आरती के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

मीका सिंह इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। इसी दौरान वे भगवान महाकाल के दर्शन और पूजन-अर्चन के लिए उज्जैन पहुंचे और भस्म आरती में भाग लिया। आरती के दौरान वे पूरी तरह महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। आरती के पश्चात उन्होंने देहरी से पूजन कर भगवान का आशीर्वाद लिया।

मीका सिंह ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि भगवान महाकाल ने उन्हें अपने दर्शन के लिए बुलाया। जब भी वे इंदौर आते हैं, तो उज्जैन पहुंचकर महाकाल मंदिर आकर दर्शन अवश्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भस्म आरती का अनुभव सबसे अलग और अद्भुत होता है तथा भगवान की कृपा सभी पर बनी रहे।

इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने मीका सिंह का स्वागत और सम्मान किया।

# घूसखोर पंडत फिल्म का विरोध थाने तक पहुंचा

**उज्जैन में ब्राह्मण समाज ने थानेदार को ज्ञापन सौंपा, एफआइआर दर्ज करने की मांग**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म %घूसखोर पंडत% का टीजर जारी होते ही विवाद खड़ा हो गया है। फिल्म के टाइटल को लेकर देश के कई शहरों में ब्राह्मण समाज विरोध प्रदर्शन कर रहा है। शनिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उज्जैन के माधवनगर थाने पहुंचे और फिल्म के निर्माता, निर्देशक एवं अभिनेता मनोज बाजपेयी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

ब्राह्मण समाज को फिल्म के टाइटल घूसखोर पंडत और डायलॉग ब्राह्मण लंगोट का ढीला होता है को लेकर आपत्ति है। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि पंडितों को घूसखोर कहकर अपमानित किया जा रहा है, जो बर्दाश्त करने योग्य नहीं है।

लंगोट का ढीला जैसे डायलॉग ब्राह्मणों की छवि को खराब करने के लिए डाले गए हैं। वे समाज के कार्यकर्ताओं के साथ माधव नगर थाने पहुंचे और थाना प्रभारी को ज्ञापन




सौंपा। उन्होंने कहा कि फिल्म के निर्माता, निर्देशक और अभिनेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। बता दें कि फिल्म के मुख्य पात्र की भूमिका में मनोज बाजपेयी हैं, जो एक पुलिस अधिकारी अजय दीक्षित की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में उन्हें पंडित के नाम से संबोधित किया गया है।

### फिल्म पर तुरंत रोक लगाने की मांग

चतुर्वेदी ने कहा कि पूरे देश में ब्राह्मण समाज प्रदर्शन कर रहा है। उत्तर प्रदेश में फिल्म मेकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, फिर यहां क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि यह फिल्म ब्राह्मणों का अपमान करने के लिए बनाई गई है, इस पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए। अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने कहा है कि ऐसी फिल्म बनाने वालों के मुंह पर कालिख पोती जाएगी।

### निर्माता ने किया ब्राह्मणों का अपमान

अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि भले ही लखनऊ में एफआइआर दर्ज हो गई हो, फिल्म बनाने वालों ने माफी मांग ली हो, लेकिन हम उनको माफ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण के खिलाफ फिल्म बनाने वालों के मुंह पर कालिख पोतना चाहिए। इन्होंने ब्राह्मणों के मान-प्रतिष्ठा का अपमान किया है, इनको गुनाह की सजा मिलनी चाहिए। ये लोग माफी लायक नहीं हैं।

### पुलिस का कहना है

माधव नगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने फिल्म को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। इसमें विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### ब्राह्मण समाज की मांग

फिल्म के टायटल में संशोधन किया जाए।

ब्राह्मण लंगोट का ढीला होता है जैसे डायलॉग हटाए जाएं।

फिल्म में अन्य विवादित बयान और सीन हों तो उन्हें भी हटाया जाए।

# निगम परिसर में स्थित मजार के पीछे अतिक्रमण हटाया



**3 थानों के टीआई सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा; शेड और बाउंड्री को तोड़ा**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** उज्जैन नगर निगम की टीम ने शनिवार सुबह नजरअली मिल कम्पाउंड परिसर में स्थित 150 साल पुरानी पांच पीर वाली गेब शाह बाबा की दर्गा और मजार के आसपास अवैध अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल और निगम के अमले की मौजूदगी रही। नगर निगम की रिमूवल टीम ने मजार के पास बनाए गए शेड और बाउंड्री वॉल को तोड़कर वर्षों से

### चल रहे अतिक्रमण को साफ किया।

उज्जैन के नजर अली मिल कम्पाउंड में स्थित वर्षों मजार के पास किए गए अतिक्रमण को लेकर नगर निगम और संबंधित कमेटी को कई बार नोटिस दिए गए थे। शनिवार तड़के निगम का भारी अमला तैनात किया गया और सुबह करीब 8:30 बजे कार्यवाही शुरू हुई। इसमें मजार की बाउंड्री समेत अन्य अवैध निर्माणों को तोड़ा गया।

सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि इस दौरान तीन थानों के टीआई सहित 50 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कार्रवाई में तीन जेसीबी, कटर और नगर निगम की अन्य मशीनरी का उपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के दौरान कोई विरोध नहीं हुआ और पहले से नोटिस देने के बाद ही यह कार्रवाई की गई। कार्यवाही में करीब एक दर्जन पेड़ काटने पड़े, साथ ही बाहर बने शेड और बाउंड्री को भी नगर निगम की टीम ने तोड़ दिया।

### रमजान आने वाला है, किस तरह हम लोग इबादत करेंगे

कमेटी के मोहम्मद गुफरान ने बताया कि पांच पीर वाली गेबशाह बाबा के नाम से मशहूर मजार है जो करीब 150 साल पुरानी है। सभी धर्म के लोग यहां आते है। उनकी मुराद पूरी होती है। तार फेंसिंग नगर निगम ने करके दी थी अब खुद ही तोड़ रहे है। कमेटी के लोगों ने इसका जवाब भी दे दिया था। रमजान आने वाला है। किस तरह से हम लोग इबादत करेंगे।

### मजार हटाने की मांग

**हिन्दू जागरण मंच के संयोजक रितेश माहेश्वरी ने बताया कि पूरी मजार को कुछ वर्षो पहले ही अवेध रूप से अतिक्रमण कर बनाया गया है इसका प्राचीन कोई अस्तित्व नहीं है हमने कई बार इसको हटाने की मांग की है प्रशासन पूरी मजार को जल्द हटाए**

# किसान नेता राकेश टिकैत महाकाल दर्शन करने पहुंचे



**स्स्क्कगारंटी कानून लागू करने की सरकार से मांग की, कहा- आज भी 12-13 साल पहले के भाव**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत शनिवार को उज्जैन पहुंचे। उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन किए और सरकार से एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग की।

इस अवसर पर भाकियू की जिला इकाई ने उनका पष्पहार पहनाकर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष भगवान सिंह राजपूत और अन्य पदाधिकारियों ने टिकैत से संगठन विस्तार तथा किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

### पूरे देश में एमएसपी गारंटी कानून लागू हो

महाकाल दर्शन के बाद मीडिया से बात करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि बाबा महाकाल सभी के लिए आस्था का केंद्र हैं। उन्होंने देश में सुख-शांति और समय पर वर्षा की कामना की। किसानों के मुद्दों पर उन्होंने जोर दिया कि पूरे देश में एमएसपी गारंटी कानून लागू होना चाहिए, ताकि कोई भी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर न बिके।

टिकैत ने मध्य प्रदेश की सोयाबीन का उदाहरण देते हुए बताया कि लगभग 12-13 साल पहले के भाव आज भी बने हुए हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मार्च में कटाई और अप्रैल में खरीदी के बीच के समय में किसान अपनी फसल कम दामों पर बेचने को विवश हो जाते हैं, जिससे उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

# सिंहस्थ मेले की पार्किंग में AI का उपयोग होगा



**लेवल-1 और 2 पार्किंग होगी हाईटेक, पहुंचने से पहले मिलेगी सभी जानकारी**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ मेले की पार्किंग व्यवस्था को हाईटेक बनाया जाएगा। इसके लिए पार्किंग में एआई (ड्ढ) तकनीक का उपयोग किया जाएगा। एआई सुविधा से युक्त दो पार्किंग उज्जैन के सिकंदरी और गंगेडी गांव में बनाई जा रही हैं। अधिकारियों ने इन्हें मेले से पहले तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन सिंह ने आगामी सिंहस्थ 2028 में निजी वाहनों से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के संभावित आगमन को देखते हुए पार्किंग स्थलों की कार्ययोजना पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि यातायात अवरुद्ध न हो, इसके लिए पार्किंग स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों पर सुव्यवस्थित वाहन टर्निंग की सुविधा तथा सर्विस लेन के चौड़ीकरण की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने बताया कि सिंहस्थ 2028 के दौरान लेवल-1 पार्किंग सिंहस्थ मेला क्षेत्र में ही रहेगी।

### मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित न हो

पार्किंग से श्रद्धालुओं का निर्गम इस प्रकार किया जाए कि मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित न हो। पार्किंग स्थलों में आधुनिक तकनीकों और एआई का उपयोग कर श्रद्धालुओं को पार्किंग की रियल-टाइम स्थिति से अवगत कराया जाएगा। लेवल-1 और लेवल-2 पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन कर विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाएगी।

लेवल-1 पार्किंग का उपयोग कम भीड़ वाले दिनों में किया जाएगा, जबकि लेवल-2 पार्किंग मेला क्षेत्र से 5 किलोमीटर से अधिक परिधि में रहेगी और इसका उपयोग अधिक भीड़ वाले दिनों में किया जाएगा।

### श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि उत्सवः दूसरे दिन बाबा महाकाल का दिव्य श्रृंगार

**15 फरवरी तक अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देंगे**



**उज्जैन (ब्यूरो)।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि का उत्सव बड़ी धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को शिवनवरात्रि के दूसरे दिन श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित कोटितीर्थ के तट पर सुबह 8 बजे से श्री गणेश पूजन एवं श्री कोटेश्वर महादेव का पूजन, अभिषेक व आरती संपन्न हुई।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राह्मणों द्वारा श्री महाकालेश्वर भगवान का अभिषेक एकादश-एकादशनी रुद्रपाठ के साथ किया गया।

दोपहर तीन बजे के बाद संध्या पूजन के पश्चात भगवान श्री महाकालेश्वर का नवीन वस्त्रों से श्रृंगार किया गया। उन्हें मेखला, दुपट्टा, मुकुट, मुंड-माला, छत्र आदि से सुसज्जित किया गया। साथ ही भांग, चंदन और सूखे मेवों से दिव्य श्रृंगार कर भगवान को नारंगी की माला एवं मुंड-माला अर्पित की गई। श्री महाकालेश्वर भगवान 15 फरवरी तक प्रतिदिन सायंकाल अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देंगे।

# अतिक्रमण मामले में विवाद, रिमूवल गैंग प्रभारी ने ठेले वालों को पीटा, फिर एफआईआर भी करवा दी

**उज्जैन (ब्यूरो)।** महाकाल क्षेत्र से गुरुवार को हटाए अतिक्रमण के बाद शुक्रवार को विवाद सामने आया। अतिक्रमण रिमूवल गैंग प्रभारी मोनू थनवार और ठेला व्यापारियों के बीच कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई। विवाद के दौरान गैंग प्रभारी ने ठेला व्यापारी से मारपीट और धक्का मुक्की की। घटना के मारपीट से जुड़े वीडियो सामने आए हैं, जिसके बाद मामला और ज्यादा गंभीर हो गया। लोगों में चर्चा है कि निगम कर्मचारियों द्वारा इस तरह से मारपीट करना गलत है। इसके बाद निगम की ओर से 3 व्यापारियों पर ही एफआईआर करवा दी गई।

शुक्रवार को ठेला व्यापारी ननि द्वारा जब्त किया सामान लेने पहुंचे थे। इसी दौरान विवाद हो गया। व्यापारियों का आरोप है कि उनका सामान बिना विधिवत जब्ती के उठाया और जब उन्होंने इसका विरोध किया तो महिलाओं और पुरुषों के साथ मारपीट की गई। व्यापारियों का कहना है कि मारपीट



के फोटो और वीडियो उपलब्ध होने के बावजूद कोतवाली थाने में उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गई, जिससे वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जबकि नगर निगम द्वारा मामले में तीन हाथ ठेला व्यापारियों पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

### प्रकरण दर्ज नहीं किया तो व्यापारी ने कलेक्टर को दिया आवेदन

हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी अर्जुन कहार ने पूरे मामले को अवैधानिक कार्रवाई बताते हुए कलेक्टर के नाम आवेदन दिया है। कोतवाली थाने द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं करने का भी जिक्र किया है। साथ ही बताया है कि अतिक्रमण रिमूवल गैंग प्रभारी ने झगड़े के बीच चांदी की चेन छीन ली, जो नहीं दी है। इस बीच संगठित हुए ठेला व्यापारी संघ ने आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना और बिना टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) की सिफारिश के पथ विक्रेताओं को हटाया गया, जो मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के खिलाफ है।

## ब्रीफ न्यूज

### जहां मजदूरों की मौत हुई, वहीं से गुजर रही जिंदगी-अधूरी टनल से जोखिम भरा आवागमन जारी

**भोपाल।** इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बन रही चोरल टनल में सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी के बीच लोगों की आवाजाही लगातार जारी है। हालात इतने खतरनाक हैं कि जिस जगह कुछ समय पहले मजदूरों की मौत हुई थी, उसी अधूरी और कच्ची सुरंग से अब भी बाइक और छोटे वाहन गुजर रहे हैं। टनल के अंदर न तो कोई सुरक्षा गार्ड तैनात है, न मजबूत बैरिकेडिंग की व्यवस्था और न ही चेतावनी का कोई बोर्ड लगाया गया है।

टनल के भीतर अंधेरा, पहाड़ से रिसता पानी और फिसलन भरा रास्ता लोगों की जान को हर पल खतरे में डाल रहा है। इसके बावजूद स्थानीय लोग शॉर्टकट के रूप में इस अधूरी सुरंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। कई बाइक सवार तेज रफ्तार में टनल के अंदर से गुजरते नजर आते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

बताया जा रहा है कि इंदौर से करीब 36 किलोमीटर दूर खंडवा हाईवे पर बन रही इस टनल का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। अंदर जगह-जगह पानी टपक रहा है और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है। ऐसे हालात में आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित होनी चाहिए, लेकिन लापरवाही के चलते लोग खुलेआम यहां से गुजर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यहां सख्ती से बैरिकेडिंग और निगरानी की व्यवस्था की जाए तो लोग टनल के अंदर जाने से बचेंगे। फिलहाल यह अधूरी सुरंग लोगों के लिए शॉर्टकट जरूर बनी हुई है, लेकिन हर दिन यहां से गुजरना मौत को दावत देने जैसा साबित हो सकता है।

### सरकारी जमीन पर रातोंरात कब्जे, निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है, जहां केंद्रीय संस्थान और हथाईखेड़ा डेम की जमीन पर रातोंरात कब्जा कर प्लॉट काट दिए गए। सूचना मिलते ही नगर निगम और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटा दिए।

जानकारी के अनुसार, आनंदनगर से हथाईखेड़ा डेम मार्ग पर स्थित केंद्रीय संस्थान एनआईएचएसएडी की बाउंड्रीवॉल से सटी जमीन पर गुरुवार देर रात अतिक्रमणकारियों ने बांस-बल्लियां लगाकर प्लॉट तैयार कर लिए थे। सुबह जब लोगों ने यह स्थिति देखी तो प्रशासन को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि अतिक्रमणकारियों ने संगठित तरीके से जमीन घेरने की कोशिश की थी।

नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर बाउंड्रीवॉल के पास बनाए गए अस्थायी कब्जों को हटाया और जमीन को खाली कराया। इस दौरान बांस-बल्लियों और अस्थायी ढांचों को तोड़ दिया गया। प्रशासन का कहना है कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हथाईखेड़ा डेम क्षेत्र की जमीन भी अतिक्रमण की जद में बताई जा रही है। यहां भी कुछ लोगों ने रातोंरात कब्जा कर प्लॉट काटने की कोशिश की थी। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों पर लगातार नजर रखी जा रही है और जहां भी अवैध कब्जे की सूचना मिलेगी, तुरंत हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### गाइडलाइन की जियो-टैगिंग में गड़बड़ी, एक ही जमीन दो वार्डों में दर्ज

**भोपाल।** भोपाल में कलेक्टर गाइडलाइन की जियो-टैगिंग व्यवस्था में बड़ी तकनीकी खामी सामने आई है, जिससे राजस्व को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। शहर में करीब 800 लोकेशन पर ऐसी गड़बड़ी मिली है, जहां एक ही कॉलोनी, एक ही सड़क और कई मामलों में एक ही प्रॉपर्टी दो अलग-अलग वार्डों में दर्ज हो रही है। इस वजह से जमीन की कीमतों में अंतर दिख रहा है और रजिस्ट्री में सस्ती दर पर सौदे दर्ज हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, कई स्थानों पर एक ही जमीन दो वार्डों में अलग-अलग रेट से दर्ज है। ऐसे में जमीन का असली सौदा महंगी गाइडलाइन वाले वार्ड की दर पर होता है, लेकिन रजिस्ट्री सस्ती गाइडलाइन वाले वार्ड में दर्ज कराई जा रही है। इससे शासन को मिलने वाला स्टाम्प शुल्क और अन्य राजस्व कम हो रहा है। यह गड़बड़ी जियो-टैगिंग सिस्टम में लोकेशन मैपिंग की त्रुटि के कारण सामने आई है। तकनीकी खामी के चलते प्रॉपर्टी की सही लोकेशन तय नहीं हो पा रही, जिससे उसका वार्ड और गाइडलाइन रेट बदल जा रहा है।

# हमीदिया अस्पताल में डॉक्टर बनकर ठगी, मरीजों के परिजनों से हजारों रुपये ऐंठे

### बेहतर इलाज और ऑपरेशन का झांसा देकर वसूली, इंदौर से आरोपी गिरफ्तार; कर्मचारियों की मिलीभगत की जांच शुरू

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के सबसे बड़े शासकीय हमीदिया अस्पताल में मरीजों के परिजनों से डॉक्टर बनकर ठगी करने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को डॉक्टर बताकर भर्ती मरीजों के परिजनों को फोन किए और बेहतर इलाज, इमरजेंसी जांच व सुरक्षित ऑपरेशन का झांसा देकर उनसे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए इंदौर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अस्पताल के कुछ कर्मचारियों की संभावित मिलीभगत की भी जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, जालसाज हमीदिया अस्पताल में भर्ती मरीजों से जुड़ी जानकारी हासिल कर उनके परिजनों को फोन करता था। वह खुद को अस्पताल का डॉक्टर बताकर मरीज की स्थिति गंभीर होने की बात कहता और तत्काल महंगी जांच या ऑपरेशन के नाम पर पांच से दस हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने के लिए दबाव बनाता था। परिजन घबराहट और मरीज की चिंता में आकर उसकी बातों में फंस जाते और बताए गए मोबाइल नंबर या बैंक खातों में पैसे भेज देते थे।

बताया जा रहा है कि करीब दस से अधिक मरीजों के परिजन इस ठगी का शिकार हुए हैं। सबसे पहले विनोद अहिरवार नामक व्यक्ति को आरोपी ने फोन किया था। विनोद की पत्नी अस्पताल में भर्ती थीं और उनका ऑपरेशन होना था। आरोपी ने खुद को डॉक्टर बताकर तत्काल 10 हजार रुपये की मांग की, जिसे विनोद ने ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद जब उन्होंने इलाज के संबंध में दोबारा संपर्क करने की कोशिश की तो आरोपी का मोबाइल



नंबर बंद मिलने लगा या उन्हें ब्लॉक कर दिया गया।

कुछ पीड़ितों ने जब इस बारे में अस्पताल प्रबंधन से शिकायत की तो मामला सामने आया। हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन ने एक पीड़ित के माध्यम से आरोपी से दोबारा संपर्क कर उसे पैसे देने का लालच दिया। इसी दौरान साइबर पुलिस और क्राइम ब्रांच ने सक्रिय होकर आरोपी के मोबाइल नंबर को ट्रेस किया, जो इंदौर में सक्रिय पाया गया। इसके बाद भोपाल पुलिस ने इंदौर पुलिस की मदद से आरोपी को पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान 36 वर्षीय जितेंद्र खाकरे के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बैतूल का रहने वाला है। फिलहाल उसे कोहेफिजा थाने में रखकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी तक मरीजों की निजी जानकारी, जैसे बीमारी, इलाज और परिजनों के मोबाइल नंबर कैसे पहुंच रहे थे।

पुलिस और अस्पताल प्रबंधन दोनों को शक है कि अस्पताल के कुछ कर्मचारी या आउटसोर्स स्टाफ इस ठगी में शामिल हो सकते हैं। आशंका जताई जा रही है कि कर्मचारियों ने ही मरीजों का डाटा आरोपी तक पहुंचाया, जिससे वह सीधे परिजनों से संपर्क कर ठगी को अंजाम देता था। अब क्राइम ब्रांच आरोपी के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाल रही है ताकि उसके संपर्क में रहने वाले लोगों की पहचान की जा सके।

कोहेफिजा थाना प्रभारी केजी शुक्ला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। यदि जांच में अस्पताल का कोई कर्मचारी शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के सामने आने के बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों में चिंता का माहौल है, वहीं प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर न करें और पहले अस्पताल से पुष्टि जरूर करें।

### गायत्री नगर में गंदे पानी की सप्लाई से लोग परेशान

**भोपाल।** भोपाल के वार्ड-65 स्थित गायत्री नगर कॉलोनी में गंदे पानी की सप्लाई से रहवासी परेशान हैं। लोगों का आरोप है कि नलों से रोजाना सुबह आती 10 मिनट तक काला और दूषित पानी आ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर कॉलोनीवासियों ने वीडियो बनाकर नगर निगम अधिकारियों को दिखाया है। रहवासियों के मुताबिक, पानी के चैंबर में नाली का गंदा पानी लीकेज होकर पेयजल लाइन में मिल रहा है, जिससे पानी की गुणवत्ता खराब हो रही है। इस कारण लोगों को मजबूरी में दूषित पानी का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासी जयदीप ठाकुर ने बताया कि पिछले कई दिनों से घरों में गंदा पानी आ रहा है, लेकिन शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

इधर, पानी की गुणवत्ता को लेकर नगर निगम भी सतर्क नजर आ रहा है।

# तेज रफ्तार बस ने ली सब-इंस्पेक्टर की जान, एक अन्य युवक की भी सड़क हादसे में मौत

### ड्यूटी पर जाते समय फंदा टोल के पास हुआ हादसा, पांच माह बाद होना था रिटायरमेंट; रातीबड़ में घायल युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में अलग-अलग सड़क हादसों में एक सब-इंस्पेक्टर सहित दो लोगों की मौत हो गई। खजूरी सड़क इलाके में तेज रफ्तार यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार पुलिस उपनिरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रातीबड़ क्षेत्र में कुछ दिन पहले हुए हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

खजूरी सड़क पुलिस के अनुसार, 61 वर्षीय शंकरलाल पुत्र छोटेलाल अशोका गार्डन क्षेत्र के दशमेश नगर के निवासी थे और पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में उनकी पदस्थापना सीहोर पुलिस लाइन में थी। शुक्रवार रात वे अपनी बाइक से भोपाल से सीहोर ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान फंदा टोल के पास तूमड़ा जोड़ पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार यात्री बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।



टक्कर इतनी भीषण थी कि शंकरलाल सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर व पैरों में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों और पुलिस की मदद से उन्हें तुरंत चिरायु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना में शामिल बस चौहान बस सर्विस की बताई जा रही है। मामले में बस चालक की तलाश की जा रही है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में बस की तेज रफ्तार को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।

सब-इंस्पेक्टर शंकरलाल की मौत से पुलिस विभाग और परिवार में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, उनके रिटायरमेंट में केवल पांच महीने का समय बचा था और इसी साल जुलाई में वे सेवानिवृत्त होने वाले थे। परिजन उन्हें रिटायरमेंट के बाद कोई छोटा व्यवसाय शुरू करने की सलाह देते थे। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

इधर, रातीबड़ इलाके में भी एक अन्य सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, 40 वर्षीय मेहरबान सिंह पुत्र मूलचंद मालवीय आमला गांव का निवासी था। 28 जनवरी को वह एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कई दिनों तक चले इलाज के बाद शुक्रवार देर रात उसने दम तोड़ दिया।

अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों घटनाओं ने एक बार फिर शहर में तेज रफ्तार वाहनों से बढ़ते सड़क हादसों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# कटरमैन का खौफः प्यार में धोखा मिलने के बाद 9 युवतियों पर किए हमले

### भोपाल-सागर में दहशत फैलाने वाला आरोपी बोला- प्रेमिका के भाइयों ने पिटवाया, पत्नी से विवाद के बाद महिलाओं से हो गई नफरत

**भोपाल।** भोपाल और सागर में युवतियों पर धारदार हथियार से हमले कर दहशत फैलाने वाले आरोपी ने पुलिस पूछताछ में सनसनीखेज खुलासे किए हैं। आरोपी ने बताया कि प्रेम संबंध में धोखा मिलने, मारपीट और पारिवारिक विवादों के कारण उसके मन में महिलाओं के प्रति नफरत पैदा हो गई थी, जिसके चलते उसने अलग-अलग जगहों पर युवतियों को निशाना बनाकर हमला किया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने 29 जनवरी की रात करीब सवा दस बजे एक युवती पर उसके घर के बाहर हमला किया था। इस घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ने भोपाल और सागर में मिलाकर करीब 9 युवतियों को अपना शिकार बनाया। वह अचानक पीछे से आता और कटर या धारदार हथियार से हमला कर मौके से भाग जाता था।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एक युवती से प्रेम करता था, लेकिन उस युवती के भाइयों ने उसके साथ मारपीट की और उसके खिलाफ थाने में शिकायत भी कर दी। इस घटना से वह मानसिक रूप से काफी आहत हो गया था। उसने पुलिस को बताया कि इस घटना के बाद उसके मन में गुस्सा और बदले की भावना पैदा हो गई।

आरोपी ने यह भी बताया कि उसका पारिवारिक जीवन भी ठीक नहीं चल रहा था। पत्नी के साथ आए दिन विवाद होते थे और वह उसके साथ बदसलूकी करती थी। आरोपी के अनुसार, पत्नी बच्चों के सामने उससे झगड़ा करती और गालियां देती थी, जिससे वह मानसिक तनाव में रहने लगा। इन घटनाओं ने उसे अंदर से तोड़ दिया और धीरे-धीरे उसके मन में महिलाओं के प्रति नफरत पैदा हो गई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी का मानसिक संतुलन भी प्रभावित लग रहा है, हालांकि वह अपने अपराधों को लेकर पूरी तरह से जागरूक था। वह सुनसान जगहों पर अकेली दिखने वाली युवतियों को निशाना बनाता था और अचानक हमला कर फरार हो जाता था। उसके हमलों से कई युवतियां घायल हुईं, जिनमें से कुछ को अस्पताल में इलाज कराना पड़ा।

लगातार हो रही इन घटनाओं से भोपाल और सागर में महिलाओं के बीच डर का माहौल बन गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, पीड़ितों के बयान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित की थी। काफी मशक्कत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस अब आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड और उसकी मानसिक स्थिति की भी जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि उसने हमलों की योजना कैसे बनाई और किन-किन इलाकों में वारदात को अंजाम दिया।

### बारात में फायरिंग का वीडियो वायरल करने वाले को पुलिस का नोटिस

**भोपाल।** भोपाल में शादी समारोह में हर्ष फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। वीडियो को कोलार इलाके में आयोजित एक शादी समारोह का बताकर तेजी से शेयर किया जा रहा था, लेकिन जांच में इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। इस मामले में पुलिस ने वीडियो वायरल करने वाले युवक वजाहत खान को नोटिस जारी कर दिया है और बिना जांच भ्रामक जानकारी फैलाने के आरोप में कार्रवाई की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से ट्रेंड कर रहा है, जिसमें कुछ लोग शादी समारोह के दौरान स्टेज पर खड़े होकर फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो के साथ यह दावा किया जा रहा था कि यह घटना 6 जनवरी को भोपाल के कोलार क्षेत्र में आयोजित एक शादी कार्यक्रम की है। इस दावे के चलते इलाके में लोगों के बीच चर्चा और चिंता का माहौल बन गया। मामले की जानकारी मिलने पर कोलार थाना पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। थाना प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि जिस तारीख का हवाला दिया गया है उस दिन क्षेत्र के मैरिज गार्डनों के रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। वीडियो को कोलार का बताया जा रहा था, उस दिन क्षेत्र के मैरिज गार्डनों के रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

# करंट से झुलसे अंग अब बचेंगे-एम्स भोपाल में माइक्रोसर्जरी से नई जिंदगी

### फ्री-फ्लैप रिकंस्ट्रक्शन तकनीक से शरीर की हड्डी और ऊतक जोड़कर बचाए जा रहे प्रभावित अंग, 23 मरीजों का सफल इलाज

**भोपाल।** हाई-वोल्टेज करंट से झुलसने के बाद अक्सर मरीजों को गंभीर चोटों का सामना करना पड़ता है, जिससे कई बार अंग काटने की नौबत तक आ जाती है। ऐसे मामलों में मरीज और उनके परिजन उम्मीद खो बैठते हैं। लेकिन एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने माइक्रोसर्जिकल फ्री-फ्लैप रिकंस्ट्रक्शन तकनीक के जरिए नई उम्मीद जगाई है। इस आधुनिक सर्जरी पद्धति से गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त अंगों को बचाया जा रहा है और मरीजों को अपंगता से बचाने में सफलता मिल रही है।

एम्स भोपाल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अब तक 23 ऐसे मरीजों का सफल इलाज किया है, जो हाई-वोल्टेज करंट से बुरी तरह झुलस गए थे। इन मरीजों के हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरे घाव हो गए थे और कई मामलों में अंग काटने की आशंका जताई जा रही थी। लेकिन माइक्रोसर्जिकल फ्री-फ्लैप रिकंस्ट्रक्शन तकनीक के माध्यम से डॉक्टरों ने प्रभावित अंगों को बचाने में सफलता हासिल की।

इस तकनीक में मरीज के शरीर के ही किसी स्वस्थ हिस्से से हड्डी, मांसपेशी, त्वचा और रक्त वाहिकाएं लेकर क्षतिग्रस्त हिस्से में प्रत्यारोपित की जाती हैं। यह एक बेहद जटिल और सूक्ष्म सर्जरी होती है, जिसमें माइक्रोस्कोप की मदद से बहुत बारीकी से नसों और रक्त वाहिकाओं को जोड़ा जाता है। इससे प्रभावित अंग में दोबारा रक्त प्रवाह शुरू हो जाता है और धीरे-धीरे वह हिस्सा फिर से काम करने लगता है।

डॉक्टरों के अनुसार, हाई-वोल्टेज करंट की चपेट में आने पर शरीर के ऊतक अंदर तक जल जाते हैं, जिससे सामान्य उपचार से सुधार संभव नहीं होता। ऐसे में कई बार अंग काटना ही एकमात्र विकल्प बचता है। लेकिन इस नई तकनीक से अब उन अंगों को भी बचाया जा सकता है, जिन्हें पहले असंभव माना जाता था।

एम्स भोपाल के प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि यह सर्जरी मरीजों के लिए जीवन बदल देने वाली साबित हो रही है। इससे न केवल अंगों को बचाया जा रहा है, बल्कि मरीजों को सामान्य जीवन जीने का मौका भी मिल रहा है। सर्जरी के बाद मरीजों को फिजियोथेरेपी और नियमित इलाज के जरिए धीरे-धीरे ठीक किया जाता है।

इन 23 मरीजों में कई ऐसे थे जो गंभीर रूप से घायल थे और जिनके हाथ या पैर काटने की स्थिति बन गई थी। लेकिन समय पर किए गए ऑपरेशन और डॉक्टरों की विशेषज्ञता से उनके अंगों को बचा लिया गया। इससे न केवल उनकी शारीरिक स्थिति सुधरी, बल्कि मानसिक रूप से भी उन्हें बड़ी राहत मिली।

एम्स भोपाल की इस उपलब्धि को चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी सफलता माना जा रहा है। यह तकनीक उन मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो बिजली के करंट से झुलसने के बाद जीवनभर की विकलांगता के खतरे से जूझते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सही समय पर इलाज और विशेषज्ञ सर्जरी से ऐसे मरीजों को नया जीवन दिया जा सकता है।

# आनंद नगर में फ्लाईओवर के लिए हटेंगे मंदिर, वार्ड ऑफिस और पुलिस चौकी

### पूजा-अर्चना के बाद दूसरी जगह स्थापित होंगी मूर्तियां, चौड़ीकरण के चलते 146 दुकानें पहले ही हटाई जा चुकीं

**भोपाल।** भोपाल के आनंद नगर तिराहे पर फ्लाईओवर निर्माण और सड़क चौड़ीकरण के लिए अगले सप्ताह बड़े स्तर पर हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के तहत यहां स्थित तीन मंदिर, वार्ड ऑफिस, पुलिस चौकी और सार्वजनिक शौचालय को हटाया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मंदिरों में स्थापित भगवान की मूर्तियों को पूरे विधि-विधान और पूजा-अर्चना के बाद दूसरी जगह सुरक्षित स्थापित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, आनंद नगर तिराहे के पास मौजूद तीन मंदिर चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं। इनमें भगवान शिव, हनुमान जी और मां दुर्गा की मूर्तियां स्थापित हैं। अधिकारियों का कहना है कि तीन में से दो मंदिरों को पूरी तरह हटाया जाएगा, जबकि एक मंदिर का कुछ हिस्सा हटेगा। इस संबंध में मंदिर के पुजारियों और स्थानीय लोगों से चर्चा कर ली गई है, ताकि धार्मिक आस्था का सम्मान बनाए रखते हुए कार्रवाई की जा सके।

प्रशासन ने यह भी तय किया है कि मूर्तियों को हटाने से पहले विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की जाएगी और फिर उन्हें नजदीकी दूसरे मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस न पहुंचे और धार्मिक परंपराओं का पालन भी बना रहे।

मंदिरों के अलावा आनंद नगर तिराहे पर स्थित पुलिस चौकी को सामने खाली पड़ी जमीन पर शिफ्ट किया जा रहा है। वहीं, वार्ड ऑफिस को पास के दूसरे वार्ड कार्यालय में स्थानांतरित करने की तैयारी की जा रही है। नगर निगम का सामुदायिक शौचालय भी अगले तीन से चार दिनों के भीतर हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले शुक्रवार को प्रशासन ने यहां सड़क किनारे बनी 146 दुकानों को हटाने की कार्रवाई की थी। सुबह से शाम तक चली इस कार्रवाई में कई दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें खाली कर दीं, जबकि कुछ अस्थायी ढांचों को तोड़ना पड़ा। बताया जा रहा है कि प्रशासन पहले ही प्रभावित लोगों को मुआवजा वितरित कर चुका था, जिसके चलते विरोध की स्थिति ज्यादा नहीं बनी।

कुछ दिन पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी इस क्षेत्र में पहुंचे थे और दुकानें हटाने के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी थी। हालांकि, मुआवजा मिलने के बाद अधिकांश लोगों ने खुद ही दुकानें हटाना शुरू कर दिया, जिससे कार्रवाई अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हो सकी।

दरअसल, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) द्वारा नेशनल हाईवे-146 पर आशाराम तिराहा से रत्नागिरी तिराहे तक करीब 16 किलोमीटर लंबी सड़क को सिक्स लेन में बदला जा रहा है।

संपादकीय

# वैश्विक कूटनीति में बदलता शक्ति संतुलन

मौजूदा वक्त में विकसित देशों के साथ ही प्रमुख विकासशील देशों में जिस तरह के घटनाक्रम देखने को मिल रहे हैं, उससे दुनियां में एक बड़े बदलाव की आहट सुनाई दे रही है। मनमाने ढंग से देशों पर अपने नियमों को लादना और न मानने पर कठोर से कठोर कार्यवाही करना, सामान्य लगने लगा है। न्याय दिलाने या जुल्म को खत्म करने की बजाय शक्ति का उपयोग अपने आधिपत्य को बढ़ाने के लिए किया जाने लगा है। इस तरह से इक्कीसवीं सदी का तीसरा दशक दुनियां की तस्वीर बदलने को आतुर नजर आ रहा है। वैश्विक राजनीति एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिख रही है। यही नहीं लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का नेतृत्व करने वाला अमेरिका अब धीरे-धीरे कई बहुपक्षीय मंचों और वैश्विक संस्थानों से पीछे हटता नजर आया है। इसके विपरीत, चीन इस खाली होते कूटनीतिक मैदान में न केवल सक्रिय हुआ है, बल्कि स्वयं को एक वैकल्पिक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करने की कोशिश भी कर रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि भविष्य का वैश्विक सुपर पावर कौन होगा, अमेरिका, रुस, चीन या कोई और उभरती ताकत? अमेरिका में दूसरी बार बने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक वर्ष के कार्यकाल में 66 बहुपक्षीय संगठनों से बाहर निकलने की घोषणा करके सभी को चौंकाने का काम किया है। इससे वैश्विक राजनीति में एक बड़ा शून्य पैदा हो गया है। जलवायु परिवर्तन, श्रम अधिकार और प्रवासन जैसे मुद्दों को 'राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध' बताकर उनसे दूरी बनाना अमेरिका की उस परंपरागत भूमिका से हटना है, जिसमें वह वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं के संरक्षक की भूमिका निभाता चला आ रहा था। फिलहाल इस बदलाव का लाभ चीन को मिला है, जिसने कूटनीतिक स्तर पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बीजिंग में विदेशी नेताओं की मेजबानी के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग का यह कहना, कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था भारी दबाव में है और समानता आधारित प्रणाली की जरूरत है, चीन की महत्वाकांक्षा को स्पष्ट करता है। वैसे चीन इस दिशा में लंबे समय से काम करता चला आया है। खास बात यह है कि चीन का उभार केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहा है। अंतर्राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में यह धारणा मजबूत हुई है कि आने वाले दशकों में चीन का वैश्विक प्रभाव तेजी से बढ़ेगा। ऐसे में अमेरिका और चीन के बीच शक्ति का जो अंतर कभी बहुत व्यापक था, वह अब सिमट रहा है। हालांकि सैन्य क्षमता, तकनीकी नवाचार और सॉफ्ट पावर के लिहाज से अमेरिका अब भी अग्रणी है, लेकिन चीन आर्थिक और कूटनीतिक मोर्चे पर उसकी बराबरी बल्कि कई मामलों में तो आगे बढ़ता दिखा है।

इस वैश्विक रणनीति में 'ग्लोबल साउथ' की भूमिका बेहद अहम है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के विकासशील देशों के साथ चीन ने बीते एक दशक में गहरे संबंध बनाए हैं। वर्ष 2013 में शुरू किया गया बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) इसी का सशक्त उदाहरण है, जिसके तहत चीन ने बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर निवेश कर रखा है। आज जब पश्चिमी देश चीन को रणनीतिक रूप से घेरने का प्रयास कर रहे हैं, तब यही विकासशील देश उसके लिए राजनीतिक और कूटनीतिक समर्थन का आधार बनते दिख रहे हैं। आर्थिक रूप से भी चीन की स्थिति मजबूत बनी हुई है, 2025 में पांच प्रतिशत की विकास दर और रिकॉर्ड व्यापार अधिशेष इसकी पुष्टि करते हैं। बावजूद इसके अमेरिका के सामने चीन का यह रास्ता जोखिमों से मुक्त नहीं है। अमेरिका टैरिफ-टैरिफ खेल रहा है, जबकि कई देशों में बीआरआई परियोजनाओं से जुड़े कर्ज संकट ने चीन को अपनी निवेश नीति पर पुनर्विचार के लिए मजबूर कर दिया है। यही कारण है कि अब वह बड़े और जोखिम वाले प्रोजेक्ट्स के बजाय छोटे, सुरक्षित और रणनीतिक निवेशों पर ध्यान दे रहा है। इसके साथ ही रूस और उत्तर कोरिया जैसे देशों के साथ उसकी बढ़ती नजदीकी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिंता बढ़ाई है। यह साझेदारी साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर नहीं, बल्कि अमेरिका-विरोध जैसे तात्कालिक हितों पर आधारित प्रतीत होती है, जिसका असर संयुक्त राष्ट्र में समन्वित मतदान के रूप में दिखता है। यहां महत्वपूर्ण यह भी है कि चीन पूरी वैश्विक व्यवस्था पर वर्चस्व स्थापित करने की जल्दबाजी में नहीं दिखता। फिलहाल बीजिंग की प्राथमिकता अपनी घरेलू राजनीतिक स्थिरता और कम्युनिस्ट पार्टी की सत्ता को सुरक्षित रखना है। इस दिशा में भी उसने मौजूदा वक्त में अनेक सख्त फैसले लिए हैं और अनेक जिम्मेदारों को सजा तक देने से पीछे नहीं हटा है। वह केवल उन्हीं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाता है, जहां उसके प्रत्यक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हों। असल में चीन का लक्ष्य वैश्विक प्रभुत्व से अधिक एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी प्रभाव को सीमित करना है, जिसकी झलक दक्षिण चीन सागर में बढ़ती सैन्य गतिविधियों से भी मिल जाती है। अंततः आज की दुनिया एक एकध्रुवीय व्यवस्था से बहुध्रुवीय संतुलन की ओर बढ़ रही है। अमेरिका और चीन के बीच यह प्रतिस्पर्धा केवल शक्ति की नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था की दिशा तय करने की भी है। आने वाले वर्षों में यह स्पष्ट होगा कि दुनिया किसी एक सुपर पावर के नेतृत्व को स्वीकार करती है

–डॉ हिदायत अहमद खान

## राज काज

### पंकज चौधरी का इस्तीफा होगा?

उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी बन गए हैं। इनके पास दो पद हैं। प्रदेश अध्यक्ष के साथ यह केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री भी हैं। भाजपा में एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत है। यह सिद्धांत और नियम उन लोगों के लिए है।जिन्हें पार्टी विदा करना चाहती है। लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर पार्टी के लिए जरूरी नहीं थे।इसलिए 75 की उम्र में मार्गदर्शक मंडल में भेज दिए गए। पार्टी के लिए जो जरूरी होते हैं। उनके लिए कोई नियम सिद्धांत लागू नहीं होता है। जेपी नड्डा इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 75 साल से ऊपर के हो गए। उनके ऊपर भी नियम लागू नहीं किए गए। 2027 में उत्तर प्रदेश में चुनाव हैं। पंकज चौधरी की उ। प्र। चुनाव में महत्त्वपूर्ण भूमिका है।उत्तर प्रदेश के चुनाव तक वह दोनों पदों पर बने रहेंगे,या उनका इस्तीफा होगा।इसको लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है।

### लालू परिवार पर राहु-केतू-शनि की दशा?

पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव का परिवार इन दिनों ग्रह दशा से जूझ रहा है। ऐसा लगता है, शनि राहु केतु सब एक साथ लालू परिवार के खिलाफ खड़े हो गए हैं। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में रोजाना सुनवाई की तारीख तय कर दी गई है। यह मामला पहले खत्म हो गया था। 16 साल के बाद फिर ट्रायल में आ गया है। कब्र में गड़े मुर्दे को जिस तरह से बाहर निकाला जाता है। इस तरह से यह दोबारा मामला बनाया गया है।जिन्हें आरोपी बनाया गया है।जब अपराध हुआ, वह नाबालिक थे। इसके बाद भी ग्रह दशा के कारण लालू परिवार के अधिकांश सदस्यों को संकटों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ समय बाद ग्रह दशा बदलेगी, तब सब कुछ ठीक होगा। समय हमेशा एक सा नहीं रहता है।

# डराने लगी है ऑनलाइन गेमिंग की लत



ललित गर्ग

ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं आभासी दुनिया कितनी भयावह एवं घातक हो सकती है, इसकी एक ही दिन में दो अलग-अलग जगह घटी घटनाओं ने न केवल झकझोरा है, बल्कि यह हमारे समय, हमारी सामाजिक संरचना और हमारी सामूहिक असावधानी पर लगा हुआ एक गहरा प्रश्नचिह्न बना है। धीरे-धीरे किशोरवय को अपने चपेट में लेने वाली यह प्रवृत्ति कितनी हृदयविदारक हो सकती है, उसका उदाहरण बुधवार को घटी ये दो भयावह घटनाएं हैं। एक हृदयविदारक घटना में गाजियाबाद की तीन अल्पवयस्क बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 12, 14 और 16 साल की तीन सुकोमल बहनें असमय काल-कवलित हो गईं। ऑनलाइन कोरियन गेम की दीवानी बहनें कोरिया में जाकर बसने और वहीं नया जीवन शुरू करने का सपना देखती थीं। घर वालों ने जब उनकी ऑनलाइन सनक से परेशान होकर उनसे मोबाइल छीन लिए, तो वे तनाव व अवसाद में घिर गईं। फिर तीनों बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऐसी ही घटना हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भी घटी जहां एक पंद्रह वर्षीय किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछुड़ने के गम में घर में आत्महत्या कर ली। किशोर दसवीं का छात्र था। इन घटनाओं ने समाज को स्तब्ध ही नहीं किया, बल्कि भीतर तक गहरा घाव दिया है। यह कोई आकस्मिक या अलग-थलग घटना नहीं है। इससे पहले झाबुआ, भोपाल और देश के अन्य हिस्सों में सामने आई ऐसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि आभासी दुनिया किस तरह वास्तविक



जीवन पर हावी होती जा रही है और हम अनजाने में एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जहां संवेदनाएं, संवाद और जीवन-मूल्य स्क्रीन के पीछे दम तोड़ते जा रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग अपने आप में अपराध नहीं है, न ही तकनीक शत्रु है, लेकिन जब यह बच्चों और किशोरों के लिए लत बन जाए, तो यह एक धीमा जहर बन जाती है। यह जहर चुपचाप बच्चों के मस्तिष्क में प्रवेश करता है, उनकी सोच, उनकी भावनात्मक संरचना और उनके निर्णय लेने की क्षमता को विकृत करता है। गेमिंग की दुनिया बच्चों को तात्कालिक रोमांच, आभासी जीत और काल्पनिक पहचान देती है, लेकिन धीरे-धीरे वही दुनिया उन्हें वास्तविक जीवन से काट देती है। परिवार, मित्र, पढ़ाई, प्रकृति, खेल और संवाद-सब कुछ पीछे छूटने लगता है। गाजियाबाद की तीनों बहनों का यह कदम इसी कटाव का चरम और भयावह परिणाम है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अत्यधिक ऑनलाइन गेमिंग बच्चों के मस्तिष्क में आवेग नियंत्रण को कमजोर करती है। जोखिम का आकलन करने की क्षमता घटती है और भावनात्मक अस्थिरता बढ़ती है। हार, असफलता या गेम से वंचित किए जाने की स्थिति में अवसाद, क्रोध और निराशा गहराने लगती है। कई बार बच्चे आत्महत्या जैसे चरम कदम को भी एक 'गेम ओवर' की तरह देखने लगते हैं। यह सोच अपने आप में अत्यंत खतरनाक है। आत्महत्या की प्रवृत्ति का बढ़ना केवल मानसिक स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक चुनौती है, जो हमारी परवरिश, हमारी प्राथमिकताओं और हमारी नीतियों पर सवाल उठाती है। आज के परिवारों में माता-पिता की व्यस्तता, एकल परिवारों की बढ़ती संख्या और संवाद की कमी ने बच्चों को अकेलेपन की ओर धकेला है। स्मार्टफोन कई घरों में बच्चों की चुप्पी खरीदने का सबसे आसान साधन बन गया है। रोता बच्चा हो, जिद करता बच्चा हो या समय न देने की मजबूरी-मोबाइल फोन एक त्वरित समाधान बन चुका है। लेकिन यही समाधान आगे चलकर सबसे बड़ी समस्या बन जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि बच्चा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मार्गदर्शन, स्नेह और समय चाहता है। जब यह सब उसे स्क्रीन से मिलने लगता है, तो परिवार की भूमिका स्वतः कमजोर हो जाती है। यह भी एक कठोर सत्य है कि कई माता-पिता स्वयं डिजिटल लत के शिकार हैं। ऐसे में बच्चों को रोकने का नैतिक और व्यवहारिक अधिकार भी कमजोर पड़ जाता है। हम बच्चों से अपेक्षा करते हैं कि वे मोबाइल कम चलाएं, जबकि हमारे अपने हाथों में हर समय फोन रहता है। यह दोहरा व्यवहार बच्चों के मन में भ्रम और विद्रोह दोनों पैदा करता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल बच्चों पर नियंत्रण नहीं, बल्कि पूरे पारिवारिक वातावरण में संतुलन लाने से जुड़ा है। सरकार और समाज की भूमिका भी इस संकट में कम महत्वपूर्ण नहीं है।

## सुविचार

अगर हर एक व्यक्ति अपनी प्राकृतिक योग्यता के अनुसार,बिना और चीजों में पड़े, सही समय पर और सिर्फ एक काम करता तो चीजें कहीं गुना बेहतर और ज्यादा होतीं। -अज्ञात

अच्छे लोगों को ज़िम्मेदारी से रहने के लिए कहने हेतु क़ानून की जरुरत नहीं पड़ती, और बुरे लोग क़ानून से बच कर काम करने का रास्ता निकाल लेते हैं। -अज्ञात

## प्रसंगत

### धन की माया

किसी शहर में एक धनवान सेठ रहता था। वह बेहद कंजूस था। दिन-रात उसे बस अपने धन की सुरक्षा की चिंता सताती रहती थी। इस चिंता के कारण उसे नींद न आने की बीमारी लग गई। उसका एक नौकर था। वह भी अपने मालिक की तरह धनवान बनना चाहता था। लेकिन वह अपने मालिक की बीमारी से दुखी रहता था। सेठ की बीमारी बढ़ती गई और आखिरकार उसकी मृत्यु हो गई। मरने से पहले सेठ अपना सारा धन अपने नौकर को दे गया। लेकिन धन पाते ही नौकर को भी अनिद्रा का रोग लग गया। नौकर बहुत परेशान रहने लगा।

# बच्चों को ऐश की चाबियाँ माता- पिता की जिम्मेदारी और समाज की चेतना

कांतिलाल मांडोत

सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी केवल एक मामले तक सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे समाज के लिए चेतावनी की तरह है कि बच्चों को बिना जिम्मेदारी सिखाए सुविधाओं की चाबी सौंप देना कितना खतरनाक साबित हो सकता है ।पुणे के चर्चित नाबालिग कार चालक दुर्घटना मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने जो कहा वह हमारे सामाजिक ढांचे पर सीधा सवाल खड़ा करता है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब माता पिता अपने बच्चों को समय नहीं दे पाते जब वे संवाद नहीं कर पाते तब वे पैसे और सुविधाओं से उस कमी को पूरा करने की कोशिश करते हैं। और यही प्रवृत्ति आगे चलकर गंभीर सामाजिक समस्या बन जाती है। न्यायालय ने यह भी रेखांकित किया कि नाबालिगों को कार की चाबियां देना महंगे शौक पूरे करने के लिए बेहिसाब पैसा देना और उनकी गतिविधियों पर नियंत्रण न रखना केवल व्यक्तिगत चूक नहीं है बल्कि यह सामूहिक लापरवाही का प्रतीक है ।आज के शहरी समाज में यह पैटर्न बार बार सामने आ रहा है। जहां कम उम्र के बच्चे देर रात पार्टियों में शामिल होते हैं ,शराब और नशे के संपर्क में आते हैं। तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। और निर्दोष लोगों की जान खतरे में डाल देते हैं। इसके बाद जब दुर्घटना होती है तो प्रभाव और पैसे के बल पर सबूतों से छेड़छाड़ की कोशिश की जाती है। मेडिकल साक्ष्य बदले जाते हैं। और कानून के शिकंजे से बचने के रास्ते तलाशे जाते हैं। पुणे का यह मामला इसलिए भी झकझोरने वाला है क्योंकि इसमें दो युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की जान चली गई जो अपने भविष्य के सपने संजोए हुए थे। एक पल की लापरवाही ने उनके परिवारों की दुनिया उजाड़ दी। अदालत ने जिन तीन आरोपियों की जमानत अर्जी पर सुनवाई की वे सबूत मिटाने और रक्त के नमूने बदलने जैसे गंभीर आरोपों में घिरे थे ।यह दर्शाता है कि समस्या केवल नाबालिग की नहीं बल्कि पूरे तंत्र की है जहां अपराध के बाद भी सच को दबाने की कोशिश होती है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का सबसे अहम पहलू यह है कि उसने जिम्मेदारी का केंद्र माता पिता को माना है ।न्यायालय ने कहा कि माता पिता के पास बच्चों से बात करने का समय नहीं होता यही मूल समस्या है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में करियर और सामाजिक प्रतिष्ठा की दौड़ में माता पिता यह भूल जाते हैं कि बच्चों के साथ समय बिताना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है ।जब संवाद टूटता है तो बच्चे मोबाइल फोन क्रेडिट कार्ड और महंगी गाड़ियों के सहारे अपनी मर्जी की दुनिया बना लेते हैं ।उन्हें यह नहीं सिखाया जाता कि स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी आती है। आज भारत में नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं के आंकड़े डराने वाले हैं ।वर्ष 2023 24 में ऐसे लगभग बारह हजार हादसे दर्ज किए गए जिनमें हजारों लोगों की जान गई। यह केवल संख्या नहीं है बल्कि हजारों परिवारों का दर्द है। हर दुर्घटना के पीछे एक कहानी है किसी मां की सूनी गोद किसी पिता का टूटा सहारा और किसी बच्चे का अधूरा बचपन यह आंकड़े बताते हैं कि कानून के साथ साथ सामाजिक चेतना की भी सख्त जरूरत है। कानून पहले से मौजूद है मोटर वाहन अधिनियम नाबालिगों के वाहन चलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाता है और हाल के वर्षों में अभिभावकों पर भी जुर्माने और सजा का प्रावधान किया गया है लेकिन कानून तब तक प्रभावी नहीं हो सकता जब तक समाज उसे स्वीकार न करे। जब तक माता पिता यह न समझें कि प्यार का मतलब हर मांग पूरी करना नहीं है बल्कि सही और गलत के बीच फर्क सिखाना है।

## जरा हटके

### चीन में जन्म दर ऐतिहासिक रूप से सबसे निचले स्तर पर

**बीजिंग, ईएमएस।** चीन आज गंभीर जनसांख्यिकीय संकट से जूझ रहा है। चीन की आबादी लगातार कम हो रही है, वहीं देश का समाज तेजी से बुजुर्ग होता जा रहा है। यहां सरकार द्वारा जनसंख्या बढ़ाने के लिए लगातार नई नीतियां और प्रोत्साहन योजनाएं लागू किए जाने के बावजूद हालात में कोई ठोस सुधार नजर नहीं आ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह संकट आने वाले वर्षों में चीन की अर्थव्यवस्था, श्रम बाजार और सामाजिक ढांचे पर गहरा असर डाल सकता है। ग्लोबल मीडिया रिपोर्ट्स और आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चीन में जन्म दर ऐतिहासिक रूप से सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुकी है। पिछले साल देश में केवल 79.2 लाख बच्चों का जन्म हुआ, जबकि इससे पहले यह संख्या 95.4 लाख थी। यानी महज एक साल में करीब 17 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। यह आंकड़ा 1949 के बाद से अब तक का सबसे कम जन्म वाला वर्ष माना जा रहा है। इसी अवधि में चीन की कुल आबादी भी घटकर 1.4049 अरब रह गई है, जिसमें करीब 33.9 लाख की कमी आई है। दूसरी ओर, मौतों की संख्या बढ़कर 1.13 करोड़ तक पहुंच गई है, जो बीते पांच दशकों में सबसे ऊंचे स्तरों में से एक है। विशेषज्ञों के मुताबिक, ये आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि सरकार की पारिवारिक सहायता और चाइल्डकेयर सब्सिडी जैसी नीतियां अपेक्षित असर नहीं दिखा पा रही हैं। दशकों तक लागू रही सख्त जनसंख्या नियंत्रण नीतियों, खासकर एक-बच्चा नीति ने चीन में गहरा जनसांख्यिकीय असंतुलन पैदा किया है। अब स्थिति यह है कि युवा पीढ़ी में देर से शादी करने या शादी न करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती महंगाई, घरों की ऊंची कीमतें, नौकरी की अनिश्चितता, लंबे कामकाजी घंटे और तीव्र प्रतिस्पर्धा जैसे सामाजिक-आर्थिक दबाव माता-पिता बनने की इच्छा को कमजोर कर रहे हैं। घटती युवा आबादी को लेकर विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि इसका सीधा असर भविष्य में श्रम बल, उत्पादकता और सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों पर पड़ेगा। बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के साथ पेंशन और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव और बढ़ सकता है।

## फोटो ऑफ द डे




वैलिंगटन में न्यूजीलैंड सरकार से वैटेंगी समझौते का सम्मान करने की माग करते हुए अनारू रियाल।

## व्यंग

# एक लिहाज़ ही है जो लिहाज़ है

संजीव शुक्ल

हम लोग लिहाज़ प्रिय हैं। हम सभी कभी उम्र का तो कभी महिला का तो कभी परिवार का लिहाज़ करते पाए जाते हैं। यह कांग्रेस पार्टी का लिहाज़ ही है कि वह गाँधी परिवार के आगे और किसी को अपना नेता नहीं मानती। हम भारतीय लिहाज़ करना नहीं छोड़ते, चाहे जो हो जाय। परीक्षा में परीक्षार्थी टीचर का पूरा लिहाज़ करते हुए नक़ल करता है, तो करवाचौथ के दिन पत्नी पूरे लिहाज़ के साथ पूरा दिन निपटा ले जाती है। बड़ों के सामने सिगरेट पीते हुए भी उनको धुएँ की जड़ का पता न लगने देना लिहाज़ नहीं तो और क्या है? इसी तरह भारत का वोटर कभी जाति तो कभी धर्म, तो कभी एक अदद अद्धे का लिहाज़ करता हुआ वोट दे आता है।

और यह एकमात्र लिहाज़ ही तो है कि हमारे नेता सर्वशक्तिमान होते हुए भी अपने को जनसेवक कहते हैं। अन्यथा क्या वजह है कि किसी को भी देशद्रोही घोषित कर देने की क्षमता से युक्त शीर्ष नेतृत्व स्वयं को जनता का सेवक कहे!! यह उसकी विनम्रता ही है जो लिहाज़ से जन्मी है। अभी लिहाज़ के चक्कर में ही पूर्व मुख्य न्यायाधीश रिटायर होने के बाद राज्यसभा की सीट को मना नहीं कर सके। यह सत्ता का लिहाज़ है! यद्यपि यह सिंहासन से उतर कर चौकी पर बैठने जैसा है। पर लिहाज़ को क्या कहें? वह ऊँच-नीच कब देखता है? वह तो बस हो ही जाता है। अगर आंतरिक और बाह्य सारे समीकरण सटीक बैठ जाते हैं तो लिहाज़ बन ही जाता है। लिहाज़ हमारे ख़ून में है। इसलिए कई बार न चाहते हुए भी लिहाज़ करना पड़ता है। अब पार्टी नेतृत्व को ही देख लीजिए। वह कई बार दुराचारी, भ्रष्टाचारी व्यक्ति को चाहते हुए भी इसलिए दण्डित नहीं कर पाता क्योंकि वह ख़ुद की पार्टी का है। यह पार्टी के आदमियों का लिहाज़ है। अँग्रेज़ियत को भरपूर जीते हुए हम विशिष्ट मौक़ों पर मातृभाषा हिंदी का लिहाज़; उसका सम्मान करना नहीं भूलते।

हम कितना भी आगे बढ़ जाएँ मगर अपने पुरखों का लिहाज़ करना नहीं छोड़ते। हम पितृ पुरुषों का लिहाज़ करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने की हर संभव कोशिश करते हैं। अब बीच रास्ते में ही क़दम बहक जाएँ और आदमी मनमर्ज़ी पर उतर आए तो अलग बात है। बाक़ी ज़्यादातर मामलों में हम लिहाज़ बरक़रार रखते हैं। हमने अपने पूर्वजों की इस वैचारिक सूत्र 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' को हमने सर आँखों पर लिया और पापियों को गले लगाते हुए संसद व विधानसभाओं में थोक के भाव में पहुँचाया। हम उनमें से नहीं है कि सिद्धान्तों को सिर्फ़ किताबी ज्ञान मानकर व्यवहार में उनसे दूरी बना लें। हमने इस आकाशीय थ्योरी को धरातल पर उतारते हुए संभावित सीमाओं तक जाकर उपयोग किया। विश्वगुरु दुनिया हमें ऐसे ही नहीं मानती। भले ही हम गाँधी या गाँधीवादी मूल्यों की हत्या कर दें पर उससे पूर्व उनको प्रणाम कर उनका लिहाज़ करना नहीं भूलते।

## चिंतन-मनन

### राष्ट्रीय एकता में बाधक तत्व

आर्थिक और सामाजिक असमानता राष्ट्रीय एकता में बहुत बड़ी बाधा है। उस असमानता का मूल है अहं और स्वार्थ। इसलिए राष्ट्र की भावात्मक एकता के लिए अहं-विसर्जन और स्वार्थ-विसर्जन को मैं बहुत महत्व देता हूं। जातीय असमानता भी राष्ट्रीय एकता का बहुत बड़ा विघ्न है। उसका भी मूल कारण अहं ही है। दूसरों से अपने को बड़ा मानने में अहं पुष्ट होता है और आदमी अपने-आप में संतोष का अनुभव करता है।

अहं का विसर्जन किए बिना जातीय भेद का अंत नहीं हो सकता। मनुष्य जन्मना मनुष्य का शत्रु नहीं है। एक पेड़ की दो शाखाएं परस्पर विरोधी कैसे हो सकती हैं? फिर भी यह कहा जाता है कि धर्म-संप्रदाय मनुष्यों में मैत्री स्थापित करने के लिए प्रचलित हुए हैं। उनमें जन्मना शत्रुता नहीं है, फिर मैत्री स्थापित करने की क्या आवश्यकता हुई? मैं फिर इस विश्वास को दोहराना चाहता हूं कि मनुष्य-मनुष्य में स्वभावतः शत्रुता नहीं है। वह निहित स्वार्थ वाले लोगों द्वारा उत्पन्न की जाती है। उसे मिटाने का काम धर्म-संप्रदाय ने प्रारंभ किया, किंतु आगे चलकर वे स्वयं निहित स्वार्थ वाले लोगों से घिर गए और मनुष्य को मनुष्य का शत्रु मानने के सिद्धांत की पुष्टि में लग गए। इस चिंतन के आधार पर मुझे लगता है कि सांप्रदायिक समस्या का मूल भी अहं और स्वार्थ को छोड़कर अन्यत्र नहीं खोजा जा सकता।

## स्वास्थ्य

### इसबगोल और शहद ब्लड शुगर स्पाइक को करता है कंट्रोल

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुबह खाली पेट इसबगोल और शहद का सेवन ब्लड शुगर स्पाइक को कंट्रोल करने में मदद करता है। आमतौर पर शुगर लेवल बढ़ना सुबह से ही शुरू हो जाता है, ऐसे में दिनभर शुगर मैनेज करने के लिए सुबह से ही इसे स्थिर रखना आवश्यक है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसबगोल का सेवन मेटाबॉलिज्म को सही दिशा में सक्रिय करता है, वहीं यह पेट साफ कर शरीर से अवांछित कचरे को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके साथ ही यह इंसुलिन उत्पादन को भी सहारा देता है, जिससे दिनभर बनने वाली शुगर नियंत्रित बनी रहती है। इसबगोल आंतों की कार्यप्रणाली को भी बेहतर बनाता है, जिससे भोजन का पाचन सुचारू रहता है और ब्लड शुगर अचानक नहीं बढ़ता। इसबगोल और शहद लेने का तरीका भी सरल है। इसके लिए थोड़ा गुनगुना पानी लें और उसमें एक से दो चम्मच इसबगोल मिलाकर आधे से एक घंटे तक छोड़ दें। इसके बाद इस मिश्रण में थोड़ा नींबू रस और एक चम्मच शहद मिलाएँ। इसे सुबह खाली पेट पी लिया जाए तो यह शरीर में बेहतर तरीके से काम करता है। हफ्ते में दो से तीन बार इस तरह सेवन करने पर इसके प्रभाव महसूस होने लगते हैं। इसबगोल हाई फाइबर और रफेज से भरपूर होता है, जो शरीर में जमा अतिरिक्त शुगर को अवशोषित कर मल के जरिए बाहर निकालने में मदद करता है।

# अफगानिस्तान गया था हमलावर, नमाजियों को मारने वाले धर्म और देश के दुश्मन

### पाकिस्तान रक्षा मंत्री आसिफ ने कहा- शहबाज सरकार हमले का सख्ती से जवाब देगी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने शुक्रवार को हुए इस्लामाबाद में आत्मघाती हमले का सख्ती से जवाब देने की बात कही है। पाकिस्तान ने इस हमले के लिए अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को जिम्मेदार बताया है। शुक्रवार को इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया था। इस हमले में कम से कम 31 लोग मारे गए थे और करीब 169 लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि शहबाज सरकार इस हमले का सख्ती से जवाब देगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रक्षामंत्री आसिफ ने हमले के लिए अफगान तालिबान को निशाने पर लिया और कहा कि हमले में शामिल आतंकवादी पहले अफगानिस्तान गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आसिफ ने लिखा, यह साबित हो गया है कि हमले में शामिल आतंकवादी ने अफगानिस्तान की यात्रा की थी। आसिफ ने कहा कि मस्जिद में नमाजियों को मारने वाले धर्म और देश के दुश्मन थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने हमलावर का सामना किया, जिसके बाद उसने नमाजियों की आखिरि लाइन में खुद को उड़ा लिया।

आसिफ ने बिना किसी सबूत के भारत का नाम भी इस आत्मघाती हमले से जोड़ने की कोशिश की और कहा कि भारत और अफगनिस्तान के बीच मिलीभगत का पर्दाफाश हो रहा है।

## लियोनार्डो के बाद अब तूफान मार्ता की दस्तक, स्पेन और पुर्तगाल में रेड अलर्ट

**मैड्रिड।** यूरोप के इबेरियन प्रायद्वीप पर प्रकृति का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। स्टॉर्म लियोनार्डो द्वारा मचाई गई भारी तबाही के बाद अब स्पेन और पुर्तगाल पर एक और शक्तिशाली तूफान मार्ता का खतरा मंडराने लगा है। मौसम विज्ञानियों ने चेतावनी जारी की है कि तूफान मार्ता शनिवार, 7 फरवरी 2026 को तट से टकराएगा, जिससे पहले से ही बाढ़ और भूस्खलन की मार झेल रहे इलाकों में स्थिति और भी विकराल हो सकती है। अनुमान है कि इस दौरान 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश होगी, जो राहत और बचाव कार्यों में बड़ी बाधा बन सकती है। लियोनार्डो तूफान के कारण स्पेन के दक्षिणी अंडालूसिया क्षेत्र में अब तक 11 हजार से ज्यादा लोगों को विस्थापित कर सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है। स्पेन की मौसम एजेंसी एईएमईटी के विशेषज्ञों का कहना है।



बांग्लादेश में चुनाव से पहले पुलिस और प्रदर्शनकारियों में हिंसक झड़पें, दर्जनों घायल।

# अमेरिका ने पाकिस्तान को दिया झटका, पीओके को बता दिया भारत का अभिन्न अंग

**वॉशिंगटन।** पाकिस्तान ने अमेरिका की जमकर चरण वंदना की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए शांति के नोबेल पुरस्कार की मांग की। आज उसी अमेरिका ने पाकिस्तान को बड़ा और करारा झटका दिया है। अमेरिका और भारत के बीच हाल ही में हुए ट्रेड डील (व्यापार समझौते) के फ्रेमवर्क के साथ एक ऐसा नक्शा जारी किया गया है, जिसने इस्लामाबाद की नींद उड़ा दी है। यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रजेंटेटिव कार्यालय द्वारा जारी इस आधिकारिक नक्शे में पूरे जम्मू-कश्मीर, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भी शामिल है, को भारत के अभिन्न अंग के रूप में दिखाया गया है। यह कदम न केवल कूटनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह इस बात पर भी मुहर लगाता है कि अमेरिका अब इस क्षेत्र में भारत के क्षेत्रीय संप्रभुता के दावे को पूर्ण समर्थन दे रहा है।




दरअसल, यूएसटीआर ने भारत-अमेरिका के बीच नए अंतरिम व्यापार समझौते की जानकारी देते हुए एक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट का मुख्य उद्देश्य अमेरिकी कृषि उत्पादों, जैसे कि ट्री नट्स, लाल ज्वार, और ताजे फलों के लिए भारत में नए बाजार खुलने की सफलता को रेखांकित करना था। लेकिन, इस पोस्ट के साथ जो नक्शा संलग्न किया गया, उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस नक्शे में न तो कोई लाइन ऑफ कंट्रोल दिखाई गई और न ही किसी क्षेत्र को विवादित श्रेणी में रखा गया है। साफ तौर पर पूरा कश्मीर भारत के मानचित्र के भीतर प्रदर्शित किया गया है।

भारत का हमेशा से यह अडिग रुख रहा है कि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और पीओके का पूरा इलाका भारत का हिस्सा है, जिस पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है। अब अमेरिका जैसे वैश्विक प्रभाव वाले देश के आधिकारिक विभाग से ऐसा नक्शा आना इस बात का ब?ा संकेत है कि वॉशिंगटन अब पीओके के मसले पर तटस्थ रहने की अपनी पुरानी नीति को छो? चुका है। इसे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर के लिए एक ब? झटके के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दशकों से जिस कश्मीर राग को अलापता रहा है, उसे उसके सबसे पुराने सहयोगियों में से एक ने सिरे से नकार दिया है।

## बराक ओबामा और पत्नी मिशेल को वीडियो में बंदर दिखाया, ट्रंप ने किया डिलीट

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रूथ से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का वीडियो डिलीट कर दिया है। इस वीडियो में ओबामा और मिशेल को जंगल में प्राइमेट्स यानी बंदर के रूप में दिखाया गया था।

हालांकि ट्रम्प ने सफाई देते हुए माफी मांगने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने शुरुआत देखी वो ठीक थी। इसके बाद उन्होंने इसे किसी स्टाफ को भेज दिया, जिन्हें पूरा वीडियो देखना चाहिए था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प का दावा है कि स्टाफ ने वीडियो के अंतिम छोटे हिस्से को मिस कर दिया, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें इसकी जानकारी मिली, वीडियो हटा दिया। ट्रम्प ने स्पष्ट रूप से माफी मांगने से इनकार करते हुए कहा कि नहीं, मैंने कोई गलती नहीं की। हालांकि, उन्होंने नस्लवादी हिस्से की निंदा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह पोस्ट एक स्टाफ की गलती से शेयर हो गई थी। इसके कुछ घंटे पहले प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा था कि पोस्ट में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था, जिनमें उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली का दावा किया था। करीब एक मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा कि 2020 के चुनाव में बैलेट गिनने वाली कंपनी डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स ने ट्रम्प के खिलाफ गड़बड़ी की थी। वीडियो के आखिर में कुछ सेकंड के लिए ओबामा दंपती के चेहरे बंदरों के शरीर पर दिखाए जाते हैं।

## अपनी शर्तों पर अमेरिका से बात करने वाला ईरान झुकने को तैयार नहीं, खामनेई तय करेंगे सब कुछ

**मस्कट।** मिडिल ईस्ट में जारी भीषण सैन्य तनाव और महीनों की तल्खी के बीच कूटनीति की एक नई किरण दिखाई दी है। ओमान की राजधानी मस्कट में शुक्रवार को अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधियों के बीच एक महत्वपूर्ण लेकिन अप्रत्यक्ष वार्ता संपन्न हुई। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब पिछले साल अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए सैन्य हमलों के बाद पूरा क्षेत्र युद्ध के मुहाने पर ख?ा था। इस वार्ता में ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने संदेशवाहक की भूमिका निभाई, क्योंकि दोनों देशों के प्रतिनिधि एक मेज पर आमने-सामने नहीं बैठे। हालांकि, इस बातचीत के तुरंत बाद अमेरिका द्वारा नए प्रतिबंध लगाने के फैसले ने इस सकारात्मक शुरुआत पर अनिश्चितता के बादल भी मंडरा दिए हैं।



भारतङ्कपाकिस्तान मैच पर अनिश्चितता बरकरार, लेकिन श्रीलंकाई पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज़ कीं।

## बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 - भारत के 12 मुक्केबाज़ फाइनल में

### सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश बना भारत

**ला नुसिया।** स्पेन के ला नुसिया में आयोजित बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाज़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट के आखिरी दिन 12 फाइनल स्थान अपने नाम किए। इनमें आठ महिलाएँ और चार पुरुष शामिल हैं, जिन्होंने अलग-अलग वेट कैटेगरी में प्रभावशाली जीत दर्ज की और भारत को मेडल टेबल पर शीर्ष दावेदार में ला खड़ा किया। पुरुष वर्ग में सचिन (60 किग्रा) ने इंग्लैंड के जैक ड्राइडन को हराकर लगातार दूसरी बड़ी जीत हासिल की। उनके बेहतरीन फॉर्म ने भारत को मजबूत शुरुआत दी। वहीं महिलाओं में ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने



वेल्स की रोज़ी एक्लेस के खिलाफ सर्वसम्मत निर्णय से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

20 देशों के 200 से अधिक बॉक्सरों की भागीदारी वाले इस इवेंट में शनिवार के फाइनल में भारत 12 खिलाड़ियों के साथ सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है। इस मामले में भारत कजाकिस्तान (11), यूक्रेन (5) और मेजबान स्पेन (4) से आगे है। भारत ने कम से कम एक गोल्ड मेडल पक्का कर लिया है, क्योंकि महिला 54 किग्रा वर्ग का फाइनल पूरी तरह भारतीय मुक्केबाज़ों प्रीति और पूनम के बीच खेला जाएगा।

महिला वर्ग में भारत का दबदबा पूरे सेशन में देखने को मिला। मंजू रानी (48 किग्रा), नीतू (51 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और नैना (80 किग्रा) सभी ने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर शीर्ष मुकाबले में प्रवेश किया। यह प्रदर्शन महिला मुक्केबाज़ी में भारत की गहराई और निरंतरता का संकेत है। वहीं पुरुषों में दीपक (70 किग्रा), आकाश (75 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) ने भी फाइनल में प्रवेश किया। दीपक ने कजाकिस्तान के नुरबेक मुरसल को पहले ही राउंड में आरएससी से हराकर दिन का सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया। आकाश और अंकुश ने कठिन कजाख प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर स्वर्ण मुकाबले में जगह बनाई।

## वैभव सूर्यवंशी की शतकीय पारी पर आकाश चोपड़ा का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक पारी की जमकर सराहना की है। उनकी 175 रन की शतकीय पारी ने भारत को 411/9 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया और टीम ने इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार खिताब अपने नाम किया। 14 वर्षीय वैभव ने सिर्फ 80 गेंदों में यह धुआंधार पारी खेली, जिसमें 30 से ज्यादा चौके-छक्के शामिल थे।

चोपड़ा ने उनकी पारी को अद्भुत बताते हुए कहा, 卐वैभव सूर्यवंशी 26वें ओवर में आउट हुए और तब टीम का स्कोर 250 के आसपास था। इनमें से अकेले 175 रन उनका योगदान था। यह किसी भी स्तर पर असाधारण है। उनकी पारी ने साफ दिखा दिया कि इस बच्चे में कितना गजब का टैलेंट है। भारतीय अंडर-19 खिलाड़ी लगातार स्टैंडर्ड को ऊंचा कर रहे हैं।卐 उन्होंने कहा कि वैभव हर गेंद को छक्के के लिए नहीं खेलते, कुछ गेंदों पर चूक भी होती है, लेकिन उनकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि वे पिछली गेंद को भूलकर अगली गेंद पर फोकस कर लेते हैं। फाइनल जैसे हाई-प्रेशर मैच में उनका यह आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती उन्हें अलग स्तर का खिलाड़ी बनाती है। पूर्व क्रिकेटर चोपड़ा ने आगे कहा, 卐कहा जाता है कि हुनर जन्मजात होता है, लेकिन उसे तराशने की क्षमता भी जरूरी है। वैभव की मानसिकता इस बात का उदाहरण है कि उन्हें विश्वास है कोई उन्हें रोक नहीं सकता। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल हो या इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल, दोनों मैचों में उन्होंने अकेले दम पर मैच का रुख बदला है।

## टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की जीत से शुरुआत, नीदरलैंड को रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले ही मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए अभियान की दमदार शुरुआत की। कोलंबो में खेले गए इस रोमांचक मैच में पाकिस्तान ने नीदरलैंड को 19.3 ओवर में 7 विकेट पर 148 रन बनाकर 3 विकेट से मात दी। इससे पहले नीदरलैंड की टीम 19.5 ओवर में 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत ठीक रही। सलामी बल्लेबाज सईम आयूब और साहिबजादा फरहान ने पहले विकेट के लिए 27 रन जोड़े। आयूब ने 13 गेंदों पर 24 रन बनाए, जबकि फरहान ने 31 गेंद में 47 रन की अहम पारी खेली। हालांकि बीच के ओवरों में पाकिस्तान की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और टीम बड़े नामों के बावजूद लगातार विकेट गंवाती रही। कप्तान सलमान अली आगा 12 रन पर आउट हुए, बाबर आजम ने 18 गेंदों में 15 रन बनाए। मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसी




अनुभवी जोड़ियों से भी बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन दोनों नाकाम रहे।

एक समय पाकिस्तान का स्कोर 17 ओवर में 115/7 था और टीम हार के काफी करीब नजर आ रही थी। आखिरी 18 गेंदों पर पाकिस्तान को 33 रन चाहिए थे। 18वें ओवर में नीदरलैंड ने सिर्फ 4 रन दिए, जिससे समीकरण और मुश्किल हो गया। इसके बाद 19वें ओवर में फहीम अशरफ ने मैच का पूरा रुख बदल दिया। लोगन के ओवर में फहीम ने पहली, तीसरी और पांचवीं गेंद पर छक्के जड़े और ओवर की अंतिम गेंद पर गेंद को बाउंड्री पार भेजकर कुल 24 रन बटोर लिए।

## रहाणे की बड़ी भविष्यवाणी- टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप में रचेगी 300 रन का इतिहास

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के अनुभवी बल्लेबाज़ अजिंक्य रहाणे ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप को लेकर एक साहसिक दावा किया है। उनका मानना है कि मौजूदा भारतीय टीम वह ताकत और आक्रामकता रखती है, जो इस टूर्नामेंट में पहली बार 300 रन का आंकड़ा पार कर सकती है। कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारत अपने खिताब बचाव अभियान की शुरुआत यूएसए के खिलाफ करेगा, और रहाणे के अनुसार यही टीम इतिहास रचने की मजबूत दावेदार है।



एक सोशल मीडिया प्रश्नोत्तर सत्र में जब रहाणे से पूछा गया कि क्या कोई टीम टी20 वर्ल्ड कप में 300 रन बना सकती है, तो उन्होंने बिना झिझक भारत का नाम लिया। उनकी नजर में मौजूदा स्क्वाड में गहराई, क्षमता और आक्रामक मानसिकता है, जो इस उपलब्धि को संभव बना सकती है। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया की आधुनिक टी20 अप्रोच और बेखौफ बल्लेबाज़ी उन्हें इस रिकॉर्ड के बेहद करीब ले जा चुकी है।

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी शैली, जिसे 'स्काईबॉलद्य' के नाम से जाना जा रहा है, भारतीय बल्लेबाज़ी की आक्रामक पहचान बन गई है। टूर्नामेंट में भारत अब तक सैकड़ों छक्के लगा चुका है और टीम के शीर्ष सात बल्लेबाज़ों का स्ट्राइक रेट भी शानदार रहा है। रहाणे का मानना है कि अगर भारतीय बल्लेबाज़ अपनी लय में रहे, तो 300 रन का आंकड़ा भी पहुंच से बाहर नहीं है।

भारत की संभावित ओपनिंग जोड़ी अभिषेक शर्मा और ईशान किशन पर भी रहाणे ने भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि ईशान किशन की फॉर्म और तेज़ शुरुआत देने की क्षमता, साथ ही अभिषेक शर्मा का पावरप्ले में आक्रामक खेल, भारत को बड़े स्कोर तक ले जाने में अहम भूमिका निभा सकता है। संजू सैमसन बनाम ईशान किशन की चर्चा पर रहाणे ने संतुलित राय रखते हुए कहा कि भले ही ईशान लय में हों।

## गावस्कर का पाकिस्तान पर निशाना- कहा - पहल हमेशा भारत ने की, जवाब कभी नहीं मिला

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान मैच के बहिष्कार को लेकर जारी विवाद के बीच भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान हमेशा भारत से दोस्ताना कदम बढ़ाने की उम्मीद करता है, लेकिन ऐसा कोई सकारात्मक रुख पाकिस्तान की ओर से कभी दिखाई नहीं दिया। गावस्कर ने 2008 के आईपीएल का उदाहरण देते हुए कहा कि लीग की शुरुआत में लगभग हर फ्रेंचाइजी में पाकिस्तानी खिलाड़ी मौजूद थे और कई पाकिस्तानी कमेंटेटर्स को भी भारत में काम करने का मौका मिला। उनके मुताबिक, भारत ने तब भी रिश्ता सुधारने की पहल की थी, जबकि पाकिस्तान की ओर से वैसी भावना कभी नजर नहीं आई, यहां तक कि तब भी जब दोनों देशों के रिश्तों में आज जैसी तल्खियां नहीं थीं। उन्होंने सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मुद्दा भी उठाया और पूछा कि कितने भारतीय कलाकारों या गायकों को पाकिस्तानी फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**कटनी।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कटनी में 132 के.व्ही उपकेंद्र कटनी के 33 के.व्ही मेन बस के सुदृढीकरण एवं कंडक्टर प्रतिस्थापन कार्य हेतु शट डाउन लिया जा रहा है तत्संबंध में अधीक्षण अभियंता ने बताया कि आज दिनांक 8 फरवरी को प्रात: ८ बजे से रात्रि 8 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी जिस कारण 33 के.व्ही कटाएघाट –1 एवं 2, प्रभावित क्षेत्र – बरगवां, डन कालोनी, भट्टा मोहल्ला औद्योगिक क्षेत्र से जुडे सभी उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आर्डिनेंस –1 एवं 2 फीडर दोनों फीडर प्रात: 10:00 बजे से 02:00 बजे तक बंद रहेंगे। 33 के.व्ही बर्न एंड कंपनी फीडर प्रभावित क्षेत्र – 33/11 के.व्ही निवार, भनपुरा उपकेंद्र से निकले समस्त निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 4.33 के.व्ही स्लीमनाबाद फीडर प्रभावित क्षेत्र 33/11 के.व्ही बडवारा, विलायतकला, देवरीहटाई, भुडसा उपकेंद्रों से जुडे समस्त निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपरोक्तानुसार 33 के.व्ही एवं 11 के.व्ही फीडरों के अंतर्गत आनेवाले क्षेत्रों से जुडे सभी उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी । आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई अथवा बढाई जा सकती है ।

### अवैध रेत परिवहन पर दो डंपर जब्त

**कटनी।** जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिला टास्क फोर्स की बैठक में दिये गये निर्देश के पालन में पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुये गुरुवार की रात तहसील बड़वारा के अंतर्गत मझगवां क्षेत्र में दबिश देकर रेत का अवैध परिवहन कर रहे दो डंपरों को जब्त किया।

उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने सघन चेकिंग के दौरान बरही तिराहा के पास एक बिना नंबर वाले डंपर को रोका। जांच करने पर वाहन के पास खनिज परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिले। वहीं, दूसरी कार्यवाही मझगवां बायपास के समीप की गई, जहाँ एक डंपर ईटीपी में दर्ज मात्रा से कहीं अधिक रेत ले जाते हुए पाया गया। इसके बाद दोनों मामलों में अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर वाहनों को कुठला पुलिस थाने में सुरक्षित खड़ा करा दिया है। उपसंचालक श्री दीक्षित ने जानकारी दी कि वर्तमान में कटनी जिले में केवल तीन स्थानों पर पूर्व भंडारित रेत के उठाव की अनुमति है। जिले में रेत की मुख्य आपूर्ति पड़ोसी जिले उमरिया की खदानों से की जा रही है। आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी रखते हुये खनिजों के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध इसी तरह की कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।

### स्टेशन पर गांजा की तस्करी करते दंपति हिरासत में

**कटनी।** मुड़वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर जीआरपी ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 5 किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रानू प्रजापति 40 वर्ष निवासी बंडा, जिला सागर एवं उसकी पत्नी ज्योति प्रजापति के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर संदिग्ध अवस्था में बैठे हुए थे। इसी दौरान गश्त पर तैनात जीआरपी पुलिस को उन पर शक हुआ। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उनके पास मौजूद एक सफेद थैले से दो बंडल बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में थैले में रखा हरी पत्ती युक्त पदार्थ गांजा पाया गया। इसके बाद दोनों आरोपियों को मौके से हिरासत में लेकर जीआरपी थाने लाया गया। थाना प्रभारी एलपी कश्यप ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

### एटीएम कार्ड बदलकर खाते से पार किए रुपए

**कटनी ( ब्यूरो )।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरगवां स्थित यूनियन बैंक के एटीएम में एटीएम फ्रॉड का एक गंभीर मामला सामने आया है। अज्ञात जालसाज ने चालाकी दिखाते हुए एक महिला का एटीएम कार्ड बदल दिया और उसके खाते से एक लाख रुपये की रकम निकाल ली। जानकारी के अनुसार सुशीला कोल 45 वर्ष निवासी बावली टोला मदन मोहन चौबे वार्ड 3 फरवरी को सुबह लगभग 10.30 बजे बरगवां स्थित यूनियन बैंक के एटीएम से पैसे निकालने पहुंची थीं।

# कटनी में अग्निवीर भर्ती रैली 13 फरवरी से शुरू, 15 जिलों के युवा होंगे शामिल

### कलेक्टर ने अग्निवीर भर्ती रैली के लिए पुख्ता तैयारियों के दिए निर्देश

**कटनी ( ब्यूरो )।** भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। सेना भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर द्वारा कटनी जिले के झिंझरी पुलिस लाइन मैदान में 13 फरवरी से सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसके सुव्यवस्थित आयोजन के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

#### 15 जिलों के युवा आयेंगे भर्ती रैली में

पुलिस लाइन झिंझरी में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में कटनी सहित 15 जिलों के युवा चयन हेतु यहां आयेंगे। इस भर्ती रैली में जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, मऊगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल,



सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले के युवा शामिल होने आयेंगे।

कलेक्टर ने बड़ी संख्या में युवाओं के यहां आने के नजरिए से सभी प्रकार की व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, पेयजल की समुचित व पर्याप्त उपलब्धता, शौचालय व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने चलित शौचालय, पेयजल हेतु टैंकर और पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की व्यवस्था हेतु नगर निगम को निर्देशित किया। वहीं झिंझरी पुलिस लाइन के बैरिकेटिंग का दायित्व पीडब्ल्यूडी को, सीसीटीव्ही कैमरे और कम्प्यूटर व प्रिंटर की व्यवस्था का कार्य जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस सौरभ नामदेव को सौंपा है। साथ ही स्थल में फायर ब्रिगेड वाहन और मेडिकल एंबुलेंस मेडिकल स्टाफ के साथ तैनात करने के निर्देश दिये हैं। डायरेक्टर रिक्रूटमेंट रितिक खंजोड़े ने अग्निवीर रैली भर्ती के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि रैली में महिला एवं पुरुषों का फिजिकल टेस्ट किया जाएगा और अलग- अलग जिलों के प्रतिदिन 700 से 800 आवेदक आयेंगे।

#### दस्तावेजों की जांच के लिए तैनात किए गए विशेष दल

भर्ती के दौरान रैली में शामिल होने वाले युवाओं के प्रवेश पत्र, आधार कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के ऑनलाइन सत्यापन के लिए कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर 13 फरवरी से 28 फरवरी तक तीन स्तरों पर शासकीय सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें प्रवेश पत्र परीक्षण व प्रिंट सुविधा हेतु रात्रि 12:00 बजे से कार्य समाप्ति तक, आधार कार्ड परीक्षण व प्रिंट सुविधा हेतु प्रात: 6 बजे से कार्य समाप्ति तक और दस्तावेज परीक्षण: हेतु प्रात: 6 बजे से शासकीय कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

इस भर्ती रैली के माध्यम से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क और ट्रेड्समैन पदों के लिए चयन किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड, नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, सभी आवश्यक दस्तावेज और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा।

# वरिष्ठ अधिवक्ता के मैहर आगमन पर अनिल मिश्रा का स्वागत



**मैहर ( ब्यूरो )।** ग्वालियर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं देश के चर्चित वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित अनिल मिश्रा का शनिवार को मां शारदादेवी की नगरी मैहर आगमन होने पर स्थानीय अधिवक्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय महामंत्री एवं अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजेश गौतम एवं साथी अधिवक्ताओं ने मां शारदा के दर्शन के पश्चात मां शारदा की पावन चुनरी भेंटकर एवं माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता समाज से जुड़े विभिन्न विषयों, संगठन की मजबूती तथा न्यायिक व्यवस्था में अधिवक्ताओं की भूमिका पर सार्थक चर्चा हुई। पंडित अनिल मिश्रा ने मैहर में मिले स्नेह और सम्मान के लिए सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बालेंद्र सिंह गहरवार, शंकरदत्त पांडेय, पंकज पांडेय, निखिल मिश्रा, महेंद्र भट्ट, आरडी शर्मा, चंद्रभान परौहा, विवेक दुबे एवं रूपेश गौतम आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# शहर में दो दो प्रदर्शनी के लगने से स्थानीय ब्यापार प्रभावित

**मैहर ( ब्यूरो )।** नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर शहर में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि एक साथ दो दो प्रदर्शनी के लगने से यहां का स्थानीय ब्यापार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। जबकि स्थानीय ब्यापारी दुकानों का किराया और बिजली का बिल भर रहे हैं। अगर दुकानो में धंधा नहीं होगा तो किराया और बिजली का बिल वह कैसे भर पायेंगे यह विचारणीय है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश प्रजापति ने कहा है कि विगत 3 फरवरी को मैहर में कड़ाके की ठंड और घना कोहरा छाया रहा इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा अलाव हेतु लकड़ी नहीं गिराई गई जिससे गरीब तबके, बुजुर्गों, राहगीरों और खुले में काम करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीषण ठंड में नगर पालिका की यह लापरवाही आमजन की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है। इसी तरह शहर भर में सड़कों की दुर्दशा से धूल और डस्ट का




प्रकोप बना हुआ है। सड़क की पूरी धूल सड़क के किनारे व्यापारियों की दुकानों में रखी सामग्री में धूल की परते जम रही है जिससे आर्थिक क्षति का भी सामना करना पड़ रहा है। नगर में नालियों की सफाई न होने से गंदगी से बजबजा रही है वही शाम होते ही नालियों के मच्छर लोगों के घरों में घुसकर मलेरिया रोग को जन्म दे रहे है जिससे नागरिकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई नजर आ रही है। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका द्वारा गरीब व्यापारियों और फुटपाथ पर ठेले लगाकर रोजी रोटी कमाने वालों को हटाकर सिर्फकोरम पूरा किया जा रहा है। छोटे व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका की कार्रवाई से उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है जबकि शहर की असली समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

# बस स्टैंड के पास दुकान में भड़की आग

### दुकान में रखा सामान जलकर खाक, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**कटनी ( ब्यूरो )।** बस स्टैंड के आगे त्रिवेणी होटल के सामने स्थित पान मसाला और नाश्ते की दुकान में सुबह-सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। खबर मिलते ही बस स्टैंड पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि इस अग्निदुर्घटना में दोनों दुकानें जलकर खाक हो गईं। घटना सुबह 5.40 बजे हुई। चौकी प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि बस स्टैंड पुलिस चौकी के अंतर्गत त्रिवेणी होटल के सामने स्थित एक पान मसाले की दुकान में सुबह आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर



ब्रिगेड को तत्काल अवगत कराया गया, जिसके बाद फायर ब्रिगेड को मौके के लिए रवाना किया गया। फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था, जिससे दो दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार ये आग दीपक श्रीवास्तव की पान मसाले की दुकान में लगी थी, जो देखते ही देखते पास स्थित चाय-नाश्ते की दुकान तक फैल गई। चाय-नाश्ते की दुकान में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फ्रिज हीटर और अन्य सामान भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गए। यह तो गनीमत रही कि घटना के समय दुकाने बंद थीं, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच जा रही है। मौके पर एएसआई दीपेन्द्र शर्मा, आरक्षक मनु सहित कोतवाली पुलिस बल व फायर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे और स्थिति को नियंत्रित किया।

# बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय की बड़ी उपलब्धि





### राष्ट्रीय रिकॉट्सियल सर्विलांस कार्यक्रम में स्पोक सेंटर के रूप में चयन

**सागर ( ब्यूरो )।** बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय (ब्रस्ट) के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान पुख्ता की है। प्रदेश के 18 चिकित्सा महाविद्यालयों के बीच, मध्य प्रांत से एकमात्र संस्थान के रूप में बीएमसी को स्क्रब टायफस की जांच और निगरानी के लिए राष्ट्रीय रिकॉट्सियल सर्विलांस कार्यक्रम के अंतर्गत चुना गया है।

मीडिया प्रभारी डॉक्टर सौरभ जैन ने बताया कि क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (ट्रस्ट), वेल्लोर द्वारा बीएमसी को स्पोक सेंटर के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। एम्स भोपाल के बाद, यह उपलब्धि हासिल करने वाला बीएमसी क्षेत्र का प्रमुख संस्थान बन गया है। हाल ही में सीएमसी वेल्लोर में आयोजित कार्यशाला में विभाग के डॉ. सुमित कुमार रावत (सह-प्राध्यापक) और डॉ. रॉबिन शर्मा (रिसर्च साइंटिस्ट) ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

#### रोग नियंत्रण में महत्व

स्क्रब टायफस एक गंभीर संक्रामक बीमारी है जिसके लक्षणों में शामिल हैं-तेज बुखार, बेहोशी की स्थिति, साँस लेने में गंभीर समस्या।

इस केंद्र की स्थापना से अब इन लक्षणों वाले मरीजों की त्वरित पहचान, सटीक निगरानी और बेहतर नियंत्रण संभव हो सकेगा, जिससे मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलेगी।

डीन डॉ पीएस ठाकुर ने कहा है कि यह चयन हमारे माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अकादमिक उत्कृष्टता और अनुसंधान क्षमता का प्रमाण है। इस उपलब्धि के लिए डॉ. अमरदीप राय और पूरी टीम बधाई की पात्र है।

# बजट 2026 विकसित भारत बनाने व अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा मे एक मजबूत कदम - केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके

### प्रधानमंत्री मोदी जी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट से देश की उच्च विकास दर को स्थिर बनाए रखने का कार्य किया है - पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल

**सागर ( ब्यूरो )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है, मौजूदा बजट विकसित भारत बनाने, जाने व अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा, उक्त विचार केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने बजट 2026 के विषय मे पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए रखे ।

उन्होंने कहा कि 2014 के पहले के बजट में राष्ट्रीय चेतना और अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए चिंतन मनन नहीं रहता था। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा,




स्वास्थ्य, राष्ट्र की सुरक्षा और प्रतिष्ठा के लिए अर्थ नीतियां नहीं थीं। परंतु अब बजट मे इन सभी विषयों में जनहित का ध्यान रखा जाता है।

पूर्ववर्ती सरकारों के बजट में 80% खर्च नगरीय विकास में होता था, जिससे ग्रामीण विकास की गति काफी धीमी रही। 80% जनता बुरे हाल में रहती थी, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संवेदनाओं की यात्रा शुरू हुई और नगरीय क्षेत्र के अलावा ग्रामीण विकास की एक नई इबारत लिखी गई। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर विविध प्रावधान किए गए।

उन्होंने बजट के संरचना की तारीफ करते हुए कहा कि इसमें समाज के विविध वर्गों गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति के कल्याण की संरचना लिखी गई है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि बजट 2026 मे विश्व के कई देशो मे चल रही अस्थिरता के बाद भी भारत की विकास दर को स्थिर बनाए रखने का काम किया गया है। बजट में कृषि, ग्रामीण विकास और आजीविका मिशन पर विशेष जोर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि 16 वें वित्त आयोग के तहत मध्यप्रदेश मे ग्रामीण विकास के लिए 41% बजट रखा गया है, जो पिछले साल 4394 करोड़ था, इस साल 6172 करोड़ हो गया है। यदि बेहतर कार्य करेंगे तो आने वाले सालों में 8000 करोड़ तक पहुंचेगा ।

इसका उपयोग अधो संरचना के साथ ही जल संसाधन, पेयजल, स्वच्छता और वाटर रीसोर्सिंग के लिए भी विशेष रूप से किया जाएगा ।

पत्रकार वार्ता मे विधायक शैलेन्द्र जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, महापौर संगीता तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिराम सिंह ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर मंच पर उपस्थित रहे।

पत्रकार वार्ता का संचालन जिला सह मीडिया प्रभारी आलोक केसरवानी ने किया ।

# परीक्षा के समय कानफोडू डीजे बजाने पर कार्रवाई

### ध्वनि प्रदूषण फैलाने पर मामला दर्ज

**कटनी (ब्यूरो)।** परीक्षा के समय कानफोडू साउंड सिस्टम लगाकर लोगों के लिए परेशानी पैदा करने वाले डीजे संचालक पर कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में कुठला पुलिस ने कार्यवाही की। कार्यवाही करते हुए कुठला पुलिस ने जलसा मैरिज गार्डन से डीजे साउंड जप्त कर डीजे संचालक के खिलाफमामला दर्ज किया। थाना कुठला अन्तर्गत साई मन्दिर के रहवासियों व आमजन के माध्यम से तेज आवाज में डीजे बजने से असुविधा होने की सूचना प्राप्त होने पर जलसा मैरिज गार्डन के बाहर साऊण्ड बाक्स आपरेटर द्वारा




साऊण्ड बाक्स को तेज आवाज मे बजाते पाये जाने पर तेजस्वी गुप्ता पिता स्व. बालचन्द्र गुप्ता निवासी दुर्गा चौक बड़ी खिरहनी के विरुद्ध मप्र कोलाहल अधिनियम की धारा 15 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस दौरान एक नीले रंग का लोडर, चार टाप बाक्स, चार बैस बाक्स, एंपलीफायर आदि उपकरण जप्त किये गये। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। इसी माह में विद्यार्थियों की बोर्ड एवं अन्य परीक्षाओं का आयोजन होना है जिससे विद्यार्थियों की तैयारी में व्यवधान उत्पन्न न हो और उनके भविष्य पर बुरा असर न पड़े इसलिए शांतपूर्ण वातावरण की विशेष आवश्यकता है। किसी भी प्रकार के कार्यक्रम, धार्मिक आयोजन, शादी समारोह या अन्य अवसरों पर लाउड स्पीकर, डीजे का उपयोग केवल निर्धारित समय एवं सक्षम प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त कर के करें। निर्धारित समय सीमा के बाद तेज ध्वनि में संगीत बजाना एवं ध्वनि प्रदूषण फैलाना कानूनन दंडनीय अपराध है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# परीक्षा सामग्री लेकर रवाना हुए केन्द्राध्यक्ष

### बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री प्रश्नपत्र, उत्तरपुस्तिका का वितरण

**कटनी ( ब्यूरो )।** आगामी 10 व 13 फरवरी से प्रारंभ होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग की तैयारियां अंतिम दौर पर पहुंच गई है। उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर स्ट्रांग से विगत दिवस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण शुरू किया गया। राज्य प्रतिनिधि एवं डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम का ताला खोला गया। इसके पश्चात अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा बड़वारा, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा



एवं बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्रों में बनाए गए 59 परीक्षा केंद्रों के लिए परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया। परीक्षा प्रभारी बीडी बाजपेयी के अनुसार जिले में कुल 94 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से पहले दिन 59 परीक्षा केंद्रों के लिए सामग्री भेजी गई। परीक्षा सामग्री दो पेटियों में रखी गई है, जिनमें प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं शामिल हैं। इन सामग्रियों के परिवहन के लिए केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष, परीक्षा प्रभारी तथा संबंधित केंद्रों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सामग्री वितरण में मंडल कार्यालय के आदेश पर संभागीय कार्यालय से दो अधिकारियों की तैनाती की गई है।

#### पांच बसों से सामग्री को किया रवाना

परीक्षा सामग्री को 5 बसों के माध्यम से सशस्त्र पुलिस बल की सुरक्षा में संबंधित थानों तक भेजा गया। संबंधित परीक्षा केंद्रों के विद्यालयों में सुरक्षित रूप से उत्तर पुस्तिकाए अन्य परीखा सामग्री को रखवाया जाएगा। प्रश्नपत्र संबंधित थाना में रखवाए जाएंगे। परीक्षा सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरन प्रीत कौर भी मौके पर पहुंचीं और सुरक्षा व व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

» न्यूज कैप्सूल »

## ग्वालियर जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत सुधार के कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए- सांसद कुशवाह

**ग्वालियर।** क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ग्वालियर के माध्यम से जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में किए जा रहे कार्य निर्धारित समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों। विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी अनिवार्यतः उपलब्ध कराई जाए।

सांसद कुशवाह ने शनिवार को जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक में विभाग की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक में विधायक मोहन सिंह राठौर, सुरेश राजे व साहब सिंह गुर्जर, भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, कलेक्टर रुचिका चौहान सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद कुशवाह ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विद्युत सुधार के लिये स्वीकृत कार्यों को पूर्ण गति के साथ पूरा किया जाए। किए जा रहे कार्यों की जानकारी संबंधित जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही विद्युत सुधार के लिये जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को भी योजना में नियमानुसार शामिल करने की कार्रवाई की जाए।

## रीवा में दर्दनाक सड़क हादसा- तेज रफ्तार ऑडी ने बाइक सवार परिवार को रौंदा, पिता-पुत्र और भांजी की मौत

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। रीवा-रायपुर (रीवा-मनगवां) हाईवे पर कोष्टा गांव के पास तेज रफ्तार ऑडी कार ने बाइक सवार परिवार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार तीन लोग उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी अनुसार मृतकों की पहचान भागवत विश्वकर्मा, उनके छोटे बेटे शिवम विश्वकर्मा और भांजी शीतल विश्वकर्मा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ऑडी कार की रफ्तार बेहद तेज थी। टक्कर के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ।

इस हादसे का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि मृतक भागवत विश्वकर्मा के बेटे शुभम विश्वकर्मा की शादी 25 फरवरी को तय थी। हिंदू परंपरा के अनुसार शादी का पहला निमंत्रण भगवान को अर्पित किया जाता है। इसी रस्म को निभाने के लिए पूरा परिवार बाइक से चिरहुला (चिरौला) नाथ मंदिर जा रहा था, लेकिन रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। जिस घर में कुछ दिनों बाद शहनाइयां बजनी थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर है।

## जंगल में बोरे के भीतर मिला जिंदा नवजात, रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले के उचेहरा ब्लॉक स्थित भरहुत गांव से इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। जन्म के महज डेढ़-दो घंटे बाद एक नवजात बालक को जंगल क्षेत्र में बोरे में बंद कर छोड़ दिया गया। समय रहते ग्रामीणों की सतर्कता, सरपंच की संवेदनशीलता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बच्चे की जान बचाई जा सकी।

जानकारी अनुसार शनिवार सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों को जंगल की ओर से नवजात के रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज का पीछा करते हुए जब वे जंगल के अंदर पुरातत्व विभाग की बाउंड्रीवॉल के भीतर मौके पर पहुंचे, तो कपड़े में लिपटा एक मासूम बोरे के अंदर मिला। यह दृश्य देखकर ग्रामीण स्तब्ध रह गए और तत्काल गांव की सरपंच माया देवी को सूचना दी।

सूचना मिलते ही सरपंच माया देवी ने उचेहरा थाने को अवगत कराया। मौके पर पहुंचे सहायक उपनिरीक्षक संतोष सिंह, आरक्षक संतोष वर्मा, कौशल गुर्जर और महिला आरक्षक शिवानी मेहरा ने नवजात को सुरक्षित बाहर निकालकर तुरंत सिविल अस्पताल उचेहरा पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने बताया कि बच्चा अस्पताल पहुंचने से करीब डेढ़ से दो घंटे पहले ही जन्मा था।

# नोहलेश्वर महोत्सव आने वाले समय में अपनी और भी प्रतिष्ठा हासिल करेगा: संस्कृति राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी



**दमोह (ब्यूरो)।** नोहटा में आयोजित 10 दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव कार्यक्रम नोहटा में आयोजित किया जा रहा है, इसी क्रम में कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने दीप प्रज्जवलन कर एवं भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के दंडी स्वामी जी महाराज, विधायक हटा उमादेवी खटीक, पूर्व विधायक बंडा प्रदुम्नसिंह लोधी, सत्येन्द्र सिंह लोधी, अमित बजाज, ब्रज गर्ग, रूपेश सेन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। इस अवसर पर संस्कृति राज्यमंत्री श्री लोधी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया। संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा सौभाग्य का विषय है कि आज नोहलेश्वर महोत्सव के शुभारंभ दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम शुरू हुआ है और यह नोहलेश्वर महोत्सव आने वाले समय में अपनी और भी प्रतिष्ठा हासिल करेगा। इस दृष्टि से बहुत सारे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। आज बहुत सारे स्कूलों के छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं।अब मुख्य प्रस्तुति का समय आया है। निश्चित रूप से सभी को नोहलेश्वर महोत्सव की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ और सभी को मैं आमंत्रित करता हूँ कि आइए और नोहलेश्वर महोत्सव का आनंद लीजिए। विधायक हटा उमादेवी खटीक ने कहा आज जबेरा विधानसभा में नोहलेश्वर महोत्सव का यह कार्यक्रम बहुत ही हर्ष का और गरिमामयी है, सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे क्षेत्र की ग्रामीण प्रतिभायें हैं, उनको उभरने का मौका मिला है और मंच मिला । हमारे जिले को यह कार्यक्रम गौरांवित कर रहा है। इस अवसर पर नोहटा महोत्सव के दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा बहुत की शानदार रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसे दर्शकों द्वारा बहुत ही सराहा गया। मेले में शासकीय योजनाओं से संबंधी स्टाल भी लगाये गये है।

## ग्वालियर शहर के यातायात प्रबंधन के लिये सार्थक प्रयास हों- सांसद कुशवाह

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये सभी विभागों के समन्वय से सार्थक प्रयास हों। यातायात प्रबंधन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। यह बात शनिवार को क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने जिला यातायात समिति की बैठक में कही। कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई जिला स?क सुरक्षा समिति की बैठक में विधायकगण मोहन सिंह राठौर, सुरेश राजे व साहब सिंह गुर्जर, भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, एडिशनल एसपी अनु बेनीवाल सहित समिति के सदस्य दीपक अग्रवाल, डॉ. राकेश अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा मानवता की सेवा मनुष्य के मूल कर्तव्य: संध्या शुक्ला

**दमोह (ब्यूरो)।** गवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वाधान में दमोह जिले के तेन्दूखेड़ा में चल रहे अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का समापन आज दिनांक 7 फरवरी को दोपहर 12 बजें सम्पन्न हुआ। समापन की बेला में उपस्थित जन समुदाय को गुरुवर श्री की विचारधारा से अवगत कराते हुए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन सिद्धाश्रम रत्न संध्या शुक्ला जी ने कहा धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा एवं मानवता की सेवा करना मनुष्य के मूल कर्तव्य हैं यह गुरुवर श्री की मूल विचारधारा एक व्यवस्थित समाज के जीवन जीने के लिए है संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा सिद्धाश्रम रत्न बहन पूजा शुक्ला जी ने कहा परम पूज्य गुरुवर श्री श्री शक्तिपुत्र जी महाराज द्वारा प्रदत्त तीन धाराएं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा जहां भी इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं वहां पर दिव्य शक्तियों का संगम सुनिश्चित है जिस प्रकार गंगा जमुना सरस्वती त्रिवेणी तीनों धारा संगम में बहती हैं उसी प्रकार जनकल्याण आत्म कल्याण समाज कल्याण के लिए परम पूज्य श्री शक्तिपुत्र जी महाराज द्वारा यह तीनों विचारधाराए समाज को प्रदत्त की गई है जिसमें स्नान करने से स्वता ही मानव जीवन सफल हो जाता है शक्ति स्वरूपा बहन ने कहा की मां हर पल आपको बुलाती है एक कदम आगे बढ़ा कर तो देखें मां का आशीर्वाद प्राप्त होने लगेगा आज गुरुवर श्री की विचारधारा पर चलकर



लाखों परिवार नशा मुक्ति मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवणों को जीवन जीते हुए खुशहाली का जीवन यापन कर रहे हैं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न सौरभ द्विवेदी जी ने कहा कि आज वर्तमान की सरकारें समाज को मुद्दों से भटक रही है जिसमें आज समाज नशे में लिप्त होता जा रहा है बेरोजगारी चरम सीमा पर है भ्रष्टाचारी चरम सीमा पर है धर्म पाखंड आडंबर चरम सीमा पर है इन तमाम चीजों को आज जागरूक करने की आवश्यकता है जब तक समाज जागरूक नहीं होगा तब तक शिक्षा स्वास्थ्य व्यवस्थित व्यवस्थाएं संचालित नहीं की जा सकती उपस्थित जन समुदाय में सैकड़ो लोगों ने नशा मुक्ति मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवान जीवन जीने का संकल्प लिया मंच का संचालन भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रांतीय प्रवक्ता बाबूलाल विश्वकर्मा जी ने किया एवं आभार व्यक्त प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा सनिल कुमार यादव जी द्वारा किया गया। अंत में आये हुए सभी मां भक्तों ने प्रणाम कर शक्ति जल व प्रसाद प्राप्त किया।

## तेज रफ्तार कार का इटारसी में दर्दनाक हादसा, तीन युवकों की मौत

**नर्मदापुरम (ब्यूरो)।** जिले के इटारसी क्षेत्र में बीती देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भोपालङ्कबैतूल हाईवे पर पथरोटा नहर पुलिया के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नहर में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात करीब 12 बजे बैतूल से इटारसी की ओर आ रही कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुए नहर में गिर गई। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों ने युवकों को बचाने का प्रयास किया और तत्काल पुलिस को सूचना दी, लेकिन नहर में पानी का तेज बहाव और अधिक गहराई होने के कारण कार में सवार युवक बाहर नहीं निकल सके।

सूचना मिलने पर पथरोटा थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। तेज बहाव और अंधेरे के कारण रेस्क्यू अभियान में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद कार को नहर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक तीनों युवकों की जान जा चुकी थी।

## बाघ ने किया युवक पर हमला, 200मीटर अंदर जंगल में ले जाकरकिया शिकार



**पिपरिया (ब्यूरो)।** नगर के समीपस्थ ग्राम झिरिया से आज दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है जिसमें एक 39 वर्षीय युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। बाघ युवक को करीब 100 मीटर जंगल में घसीट कर ले गया और झाड़ियां में ले जाकर इसका शिकार किया। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना पर सुबह वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पहुंच कर सब की शिनाख्त कमल काकोडिया पिता छन्नू लाल 39 वर्ष निवासी ग्राम झिरिया की हुई। मृतक के भाई लालजी ने बताया कि मेरा भाई मिलिट्री मेश में खाना बनाने का कार्य करता है और वह हर 15 दिन में अपने घर आता है वह कल पचमढ़ी से झिरिया के लिए आया था हमें सुबह वन विभाग के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की उसकी मौत हो गई है। वही उनका कहना है कि वन विभाग हमारे क्षेत्र में फेंसिंग नहीं करवा रहा है यहां जंगली जानवरों का का आना जाना रहता है और जंगल हमारे गांव से सटा हुआ है। वन विभाग ने 25 हजार रुपए की अंत्येष्टि राशि प्रदान की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों की सुपुर्द किया गया। वही ग्रामीणों ने पिपरिया पचमढ़ी हाईवे को जामकर परिवार के किसी एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग की। मृतक की तीन बेटियां और दो बेटे हैं।डोकरी खेड़ा बीट रेंज बनखेड़ी के एसडीओ अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि बारी देवी झिरिया ग्राम के 40 वर्ष के एक युवक की वन्य प्राणी द्वारा हमले में मृत्यु हो चुकी है। शासन द्वारा नियम है कि वन्य प्राणी द्वारा किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो शासन की ओर से 8 लाख रुपए अनुग्रह राशि देने कार्रवाई की जा रही है। वहीं वही ग्राम के लोगों की मांग है कि किसी एक व्यक्ति को वन विभाग में नौकरी दी जाए तो यह शासन के नियम अनुसार होगा हमारे हाथ में नहीं है। जो जायज मांग होगी उसको हम पूरा करेंगे।

## अज्ञात महिला का संदिग्ध परिस्थिति में मिला शब





**पिपरिया (ब्यूरो)।** नगर के नजदीकी ग्राम डोकरी खेड़ा डैम के पास स्थित जंगल में एक अज्ञात महिला का संदेश परिस्थितियों में शब मिला। शब की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस व वन विभाग को दी।शब मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं चर्चा का विषय रहा कि यह महिला जंगल में क्या कर रही थी। स्टेशन रोड पुलिस व वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शब की पंचनामा कार्यवाही पर शासकीय सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा।डोकरीखेडा डेम के सामने वनविभाग के डोकरीखेडा रेंज में बांस लगे स्थान के अंदर खुले मैदान के पास एक अज्ञात महिला लगभग उम्र 30 से 35 वर्ष सफेद फूल वाली साडी पहने दुपट्टा डाले,गले में मंगलसूत्र,काली जेकेट व नीले रंग के मौजा पहने गुलाबी सेंडिल में अर्द्धनग्न अवस्था में मृत मिली। टीआई आदित्य सेन ने बताया कि महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है मौका पंचनामा कार्रवाही की गई है पोस्टमार्डम के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। इस दौरान वनविभाग के एसडीओ आशीष खोबरागडे सहित वनविभाग व पुलिस की टीम उपस्थित रही।

## इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में गूंजे महादेव के जयकारे- सामूहिक रुद्री निर्माण और रुद्री पाठ से वातावरण हुआ शिवमय

**नर्मदापुरम, मालाखेड़ी (ब्यूरो)।** भक्ति और समर्पण के संगम के साथ आज मालाखेड़ी स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में एक भव्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। स्थानीय निवासी श्री राजीव कुमार खरे एवं डॉ. ज्योत्सना खरे के सानिध्य में %खरे परिवार% द्वारा आयोजित इस पावन रुद्री पाठ एवं रुद्री निर्माण कार्यक्रम ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### भक्ति और परंपरा का सुंदर संगम

कार्यक्रम की मुख्य विशेषता सामूहिक रूप से मिट्टी के पार्थिव शिवलिंगों (रुद्री) का निर्माण करना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ अपने हाथों से शिवलिंग बनाए, जिसे %रुद्री निर्माण% कहा जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, पार्थिव पूजन का विशेष महत्व है और सामूहिक रूप से इसे करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### मुख्य अतिथि और सहभागिता

इस मांगलिक अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव जी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहभागिता की। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना को जागृत करने वाला बताया।

### कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

पवित्र रुद्री पाठः विद्वान पंडितों द्वारा भगवान शिव की स्तुति में रुद्राष्टाध्यायी के पाठ किए गए।

सामूहिक पूजनः उपस्थित सभी महिलाओं और पुरुषों ने भक्ति भाव के साथ महादेव की आराधना की।

प्रसाद वितरणः अनुष्ठान की पूर्णाहुति के पश्चात उपस्थित जनसमुदाय को महाप्रसाद वितरित किया गया।

## एमएसएमई ऋण मेगा आउटरीच शिविर में 170 करोड़ रुपये के ऋण मौके पर स्वीकृत

**नर्मदापुरम (ब्यूरो)।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को मजबूती देने और उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शनिवार को सांई कृष्णा रिसोर्ट में एमएसएमई ऋण मेगा आउटरीच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 130 से अधिक हितग्राहियों को मौके पर ही लगभग 170 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया ने हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की सोच युवा, महिला वर्ग से लेकर पात्र वरिष्ठ नागरिकों तक सभी को आत्मनिर्भर बनाने की है। उन्होंने कहा कि मेगा ऋण आउटरीच शिविर का उद्देश्य ऋण से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए गरीब तबके से लेकर बड़े उद्यमियों तक को बैंकिंग योजनाओं से जोड़ना है। इस दिशा में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिए घोषित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी।



सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि डीजीएम जयशंकर प्रसाद ने कहा कि देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई सेक्टर और बैंकिंग संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे आयोजनों से उद्यमियों को वित्तीय सहायता तक आसान पहुंच मिलती है। उन्होंने आपकी पूंजी-आपका अधिकारी, घर वापसी, स्वागतम, मुद्रा योजना, जीएसटी आधारित ऋण और होटल सेक्टर के लिए विशेष वित्तीय प्रावधानों की जानकारी दी।

क्षेत्रीय प्रमुख रजत मिश्रा ने बताया कि बैंक अब क्लस्टर आधारित बैंकिंग पर विशेष फोकस कर रहा है, जिससे क्षेत्र विशेष के व्यापारिक समूहों, खासकर पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को उनकी जरूरतों के अनुसार सरल और त्वरित बैंकिंग सुविधाएं मिल सकें।

शिविर के दौरान उद्यमियों और ऋण लाभार्थियों को व्यवसाय विस्तार के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें मुद्रा लोन, बिजनेस लोन, शॉप लोन, सीए लोन, टेक्सटाइल सेक्टर लोन, जीएसटी आधारित ऋण, संजीवनी योजना और सेंट होटल योजना प्रमुख रहीं। इसके अंतर्गत सेंट बिजनेस लोन, सेंट बिजनेस व्हीकल, सेंट संजीवनी, सेंट टेक्सटाइल, सेंट स्टैंड अप इंडिया, सेंट शॉप और सेंट होटल जैसी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, लघु उद्योग संघ अध्यक्ष अवधनारायण चौहान, जिला लघु उद्योग संघ नर्मदापुरम अध्यक्ष राम नवलानी, संरक्षक मुकेश श्रीवास्तव, महासचिव गौरव सेठ, उदित द्विवेदी, लोकेश आहुजा, संघ सचिव महेंद्र रघुवंशी, उपाध्यक्ष ओम पुरोहित, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, शैलेश कटारे, महेंद्र सिंह आनंद, बलवान सिंह चौहान, अजय खन्ना, अनिल राठी, सत्यम अग्रवाल, सुशील खत्री, योगेंद्र सोलंकी, विशाल दीवान और शशांक राय सहित बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए किसानों की सहमति से जमीन की जाएगी अधिग्रहीतः उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### गुरूकुल विद्यालय से खैरा तक सड़क चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा की

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुरूकुल विद्यालय से खैरा तक सड़क के चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सड़क रीवा एयरपोर्ट को सिलपरा-बेला रिंग रोड से जोड़ेगी। सड़क चौड़ीकरण में आने वाली जमीनों के लिए चोरहटा, रघुनाथपुर व खैरा गांव के किसानों ने अपनी सहमति दी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हवाई अड्डे को जोड़ने वाली सड़क के बन जाने से किसानों की शेष जमीनों का भी मूल्य बड़ेगा। कलेक्ट्रेट रीवा के सभागार में बैठक में किसानों ने कहा कि हम सब रीवा के विकास में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के साथ हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आपसी सहमति से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया कम से कम समय में पूरी हो जाएगी और किसानों को उनकी अधिग्रहीत जमीन का उचित मुआवजा भी शीघ्र मिल जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर अतिशीघ्र प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सिलपरा-बेला रिंग रोड निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। आगामी अप्रैल माह में इसका लोकार्पण हो जाएगा। रिंग रोड के लोकार्पण से पूर्व ही गुरूकुल से खैरा होकर बनने वाली सड़क का चौड़ीकरण कार्य भी पूरा करा लिया जाएगा।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा शहर के उत्तरी छोर में निर्माणाधीन चोरहटा-रतहरा बायपास के सिक्स लेन चौड़ीकरण मार्ग की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रीवा का संभागीय मुख्यालय प्रदेश का पहला संभागीय मुख्यालय होगा जहाँ आगामी माह में शहर के चारों तरफ बायपास या रिंगरोड का निर्माण हो जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि 9 एवं 10 फरवरी को शिविर आयोजित कर किसानों से सहमति पत्र लेकर प्रक्रिया को आगे बड़ाएं जिससे शीघ्र ही जमीन का अधिग्रहण किया जाकर नियत समय में चौड़ीकरण कार्य किया जा सके। बैठक में ढेकहा तिराहा के चौड़ीकरण तथा एयरपोर्ट विस्तार कार्य पर भी चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा संबंधित गांवों के किसान उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### सशक्त किसान से बनेगा समृद्ध मध्यप्रदेशः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन हुआ प्रारंभ अंतिम तिथि 7 मार्च, बनाये गए हैं 3186 पंजीयन केंद्र**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की बेहतरी के लिए सरकार ने पूरी जिम्मेदारी ली है। किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम दिलाने के लिए हम शिद्दत से प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त किसान से ही समृद्ध मध्यप्रदेश का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार, 7 फरवरी से प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का काम प्रारंभ हो चुका है। किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 है। अन्नदाताओं की सुविधा के लिए राज्य भर में 3186 किसान पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समानता,नारी सशक्तिकरण एवं शिक्षित समाज की प्रणेता माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता रमाबाई ने असमानता, भेदभाव, छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध दृढ़ता से संघर्ष किया और कमजोर वर्ग के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 5 शावकों के जन्म पर किया हर्ष व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान के चीता परिवार में 5 शावकों के जन्म पर हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में एक और अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज की गई है। मादा चीता आशा ने 5 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है, जिससे भारत के चीता पुनर्स्थापन अभियान को नई मजबूती मिली है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब भारत में जन्मे चीतों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है, जबकि कूनो में कुल चीतों की संख्या 35 तक पहुँच गई है। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश को देश में वन्य जीव संरक्षण के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करती है। इस सफलता का श्रेय समर्पित वन अमले और पशु चिकित्सकों की सतत निगरानी, वैज्ञानिक प्रबंधन और अथक मेहनत को जाता है। कूनो में हो रहा यह सकारात्मक विकास भारत की जैव-विविधता संरक्षण यात्रा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गरीब परिवार की समस्याओं का कराया त्वरित समाधान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के एक गरीब परिवार की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में श्री दिनेश प्रजापत एवं उनकी माता श्रीमती रामप्यारी बाई की विषम परिस्थितियों को देखते हुए पेंशन और उनके उपचार से संबंधित प्रकरणों को संज्ञान में लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर त्वरित केवायसी करवाकर पेंशन प्रक्रिया शुरू कराई। अरविंदो अस्पताल में श्रीमती रामप्यारी के समुचित उपचार की व्यवस्था कराई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

### 9 फरवरी को बंधक श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर नयी श्रमिक संहिताओं पर कार्यशाला

**भोपाल।** श्रम विभाग ने 9 फरवरी को %बंधक श्रम उन्मूलन दिवस% पर कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेंटर (मिंटो हॉल) में कार्यशाला का आयोजन किया है। उद्घाटन सुबह 10 बजे श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल करेंगे। कार्यशाला में राज्य स्तरीय एक्शन प्लान का विमोचन भी होगा।

पूरे मध्य प्रदेश में महीनेभर चलेगा अभियान

बंधक श्रम (बंधुआ मजदूरी) कराने वालों के विरुद्ध मध्यप्रदेश का श्रम विभाग 9 फरवरी बंधक श्रम उन्मूलन दिवस से विशेष अभियान भी शुरू करने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि श्रम मंत्री की पहल पर विभाग ने बाल एवं बंधक श्रम को रोकने और जागरुकता लाने एक विशेष वेदा पहल की शुरुआत की है।

पहलाः बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत राज्य एक्शन प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा होगी।

# मप्र पुलिस की बड़ी कार्रवाई, विगत सात दिनों में 141 गौवंश और अन्य पशु कराए मुक्त



**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में अवैध गौवंश एवं पशु तस्करी के विरुद्ध उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। पुलिस की सक्रिय, समन्वित और तकनीकी रूप से सशक्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप विगत 7 दिनों में 141 गौवंश एवं अन्य पशुओं को सुरक्षित मुक्त कराया गया। तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को भी जब्त किया गया है।

### छतरपुर (थाना नौगांव)ः हाईवे पर पुलिस की घेराबंदी

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार थाना नौगांव पुलिस ने सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए फोरलेन हाईवे पर एक संदिग्ध 16 चक्का ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान ट्रक में क्षमता से अधिक 45 मवेशी भरे पाए गए। इस कार्यवाही में पुलिस ने 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### अनूपपुर (थाना कोतमा)ः अवैध हथियार के साथ तस्कर गिरफ्तार

कोतमा पुलिस ने एक ट्रक से 22 नग भैंस/पाड़ा बरामद किए। इस कार्यवाही में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा और 02 जिंदा कारतूस भी जप्त किए हैं। जप्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 26 लाख रुपये आंकी गई है।

### सिवनी (थाना कोतवाली)ः रात्रि गश्त के दौरान बड़ी सफलता

सिवनी पुलिस ने एक कंटेनर वाहन को जब्त कर उसमें अवैध रूप से ले जाए जा रहे 27 गौवंश को मुक्त कराया। इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में पुलिस ने एक वाहन से अवैध रूप से ले जाए जा रहे 39 गौवंश को भी मुक्त कराया।

### खरगोन एवं उमरिया

खरगोन पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए 04 गौवंश को मुक्त कराया। वहीं उमरिया पुलिस ने एक पिकअप वाहन को जब्त कर 04 मवेशियों (भैंस व पाड़ा) को तस्करों से मुक्त कराया। इन मामलों में पशु क्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा गौवंश एवं अन्य पशुओं की तस्करी में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सतत् कार्यवाही जारी है। यह कार्यवाही न केवल गौवंश संरक्षण बल्कि पशु क्रूरता की रोकथाम एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# उज्जैन में विक्रमोत्सव का 139 दिवसीय भव्य आयोजन 12 फरवरी से : अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला

### महाशिवरात्रि पर्व पर सुप्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम करेंगे महादेव की आराधना

**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि सृष्टि सृजनकर्ता महादेव के भव्य-दिव्य महाशिवरात्रि उत्सव से 15 फरवरी को विक्रमोत्सव-2026 का भव्य औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा।

महोत्सव सृष्टि निर्माण दिवस वर्ष प्रतिपदा से होते हुए पंच महाभूतों में अतिविशिष्ट जल तत्व के संरक्षण, संवर्धन के लिए विशिष्ट रूप से नियोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर अपनी पूर्णता जो प्राप्त करेगा। इसके पूर्व 12 फरवरी से महाकाल वन मेला में हर्बल उत्पादों एवं पारंपरिक हर्बल ज्ञान के विषय में प्रदर्शनी, उत्पादकों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस तरह 12 फरवरी से 30 जून,




2026 तक यह 139 दिवसीय आयोजन देश तथा दुनिया में आयोजित होने वाला सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों का एक अनूठा उत्सव होगा।

अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि प्रथम चरण महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी को सुप्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम द्वारा शिवोऽहम महादेव की आराधना से प्रारंभ होगा। द्वितीय चरण 19 मार्च से 30 जून 2026 तक जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत सम्पन्न होगा। इसमें 41 से अधिक बहुआयामी गतिविधियों में 4 हजार से अधिक कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जायेंगी। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने यह जानकारी एमपीटी लेक व्यू रेजिडेंसी में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। इस अवसर पर संस्कृति संचालनालय के श्री एन.पी. नामदेव, मुख्यमंत्रीजी के संस्कृति सलाहकार एवं महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी एवं दत्तोपंत ठेंगडी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्रा उपस्थित थे।

# प्रदेश में जल संरक्षण और सिंचाई विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः मंत्री श्री चौहान

### आलीराजपुर के ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना-2 का किया भूमिपूजन

**भोपाल।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र का रकबा बढ़ाने का लक्ष्य लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। मंत्री श्री चौहान आलीराजपुर जिले के ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना-02 के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री चौहान ने ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना-02 के का भूमिपूजन किया। परियोजना की लागत 471.03 लाख रुपये है। इस परियोजना से ग्राम मोरासा के 324 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे



आसपास के क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा इस परियोजना से जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि होगी और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा।

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस बैराज के निर्माण से आसपास के क्षेत्रों के कुएं, तालाब और बोरिंग का जलस्तर बेहतर होगा। इससे सिंचाई का रकबा बढ़ेगा और किसान वर्षा पर निर्भर नहीं रहेंगे। उन्होंने फाटा परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद अब किसान ग्रीष्म ऋतु में भी फसल ले पा रहे हैं, जबकि पूर्व में खेती केवल बरसात तक सीमित रहती थी।

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं और ऋलखपति दीदीऋ के रूप में पहचान बना रही हैं। किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे खातों में दी जा रही है। वहीं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए गरीब और पात्र परिवारों को नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

मंत्री श्री चौहान ने युवाओं से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर रोजगार प्राप्त करने का आह्वान किया। साथ ही जो युवा औपचारिक शिक्षा पूरी नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें खेती के साथ वैकल्पिक व्यवसाय अपनाने की सलाह दी। मोबाइल रिपेयरिंग, मोटर मैकेनिक, वेल्डिंग, कियोस्क संचालन, कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे कार्यों के माध्यम से जिले में ही रोजगार के अवसर सृजित करने पर उन्होंने विशेष जोर दिया। किसानों से खेती के साथ पशुपालन और बकरी पालन अपनाकर आय बढ़ाने की भी अपील की कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अक्षरधाम मंदिर में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने की नागरिकों की सुख-समृद्धि के लिये प्रार्थना



**भोपाल।** उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने इंदौर में स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में स्वामीनारायण की आरती कर नागरिकों के लिए सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर इंदौर अतिसुंदर रूप में निर्मित हुआ है। मंदिर में आकर अत्यंत आत्मिक शांति मिली है। मंदिर से बड़ी संख्या में भक्त जुड़कर सफलतम जीवन की कामना करते हैं और जीवन के हर क्षेत्र में सफल होते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि यहां पहुंचकर स्वामीनारायण के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

पूर्व सांसद श्री कृष्णमुरारी मोघे ने भी स्वामीनारायण भगवान की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अतिथियों को मंदिर समिति के सेवादारों ने शॉल, श्रीफल एवं साहित्य भेंट किया। इस अवसर पर श्री जे.पी. मूलचंदानी, श्री नीलेंद्र अजमेरा, श्री राकेश अजमेरा, श्री रमेश भाई पटेल, श्री गिरीश नीमा सहित सेवा मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

# आरक्षक (जी.डी.) भर्ती वर्ष 2025 के द्वितीय चरण की शारीरिक दक्षता परीक्षा 23 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक

**भोपाल।** आरक्षक (जी.डी.) एवं आरक्षक (रेडियों) के कुल 7500 पदों पर भर्ती हेतु मध्?यप्रदेश कर्मचारी मंडल भोपाल द्वारा ऑनलाईन परीक्षा दिनांक 30.10.2025 से 15.12.2025 तक आयोजित कराई गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 25.01.2026 को वेबसाइट 222.द्गह्यड्ढ.द्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर घोषित किया जा चुका है। सफल उम्?मीदवार को अगले चरण के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा श्रद्ध4ह्यद्बष्ड्डद्य श्रह्लश्वद्बष्द्बद्गठ्ठष्4 ह्लद्गह्यह्ल (क्कश्वञ्ज) ली जाएगी। अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण एवं 800 मीटर दौ?, लम्बी कूद एवं गोला फेंक मध्यप्रदेश के 10 स्थानों पर 23 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 6ः00 बजे से आरंभ होगी।

ऑनलाइन परीक्षा में सफल उम्मीदवार म.प्र.कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट से अपना सूचना पत्र डाउनलोड कर निर्धारित शारीरिक प्रवीणता परीक्षा स्थल पर पहुंचे। सभी उम्मीदवारों को उनकी निर्धारित दिनांक को ही पहुंचना आवश्यक है। उम्मीदवार को शारीरिक प्रवीणता के लिये जो दिनांक व स्थान सूचित किया जा रहा है उस दिनांक व स्थान में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

### इन जगहों पर होगा शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन

भोपाल में लाल परेड ग्राउड भोपाल, इंदौर में माउण्टेड ट्रूप डिपार्टमेंट (रूञ्जष्ठ) परिसर आरएपीटीसी इन्दौर, जबलपुर में परेड ग्राउण्ड 6वीं वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर, ग्वालियर में परेड ग्राउण्ड 14वीं वाहिनी विसबल कम्पू ग्वालियर, उज्जैन में महानंदा एरीना ग्राउण्ड देवास रोड उज्जैन, सागर में शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कालेज बहेरिया सागर, रीवा में परेड ग्राउण्ड 9वीं वाहिनी विसबल रीवा, बालाघाट में फुटबॉल/हॉकी ग्राउण्ड 36वीं वाहिनी विसबल बालाघाट, रतलाम में भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बस स्टैण्ड के पास जावरा रतलाम तथा मुरैना में परेड ग्राउण्ड 05वीं वाहिनी विसबल मुरैना में आयोजित होगी।

# शक्ति से सुरक्षा की ओर-सृजन कार्यक्रम का भव्य समापन

### कम्युनिटी पुलिसिंग की अनूठी मिसालः पुलिस और मुस्कान संस्था के साझा प्रयास से संवरा बच्चों का भविष्य

### निशातपुरा भोपाल में 350 बच्चों ने दिखाया आत्मरक्षा का कौशल

**भोपाल।** राजधानी के निशांतपुरा थाना क्षेत्र में कम्युनिटी पुलिसिंग की भावना को धरातल पर उतारते हुए आयोजित 16 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुलिस विभाग और मुस्कान संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में गांधीनगर, आरिफ नगर, कमला नगर और एहसान नगर के लगभग 350



बच्चों ने भाग लेकर आत्मरक्षा और व्यक्तित्व विकास के गुर सीखे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. विनीत कपूर, श्रीमती किरण लता केरकेट्टा, श्री मयूर खंडेलवाल, श्री अमृत मीणा (ड्डत्) और श्री अक्षय चौधरी (ष्टक्क) निशातपुरा उपस्थित रहे। साथ ही थाना प्रभारी (ञ्जढ्ढ) श्री मनोज पटवा, एस.आई. अशोक शर्मा एवं निशातपुरा थाने का समस्त स्टाफ, मुस्कान संस्था, यूथ फैसिलिटेटर्स सहित उदय संस्था के स्टाफ की विशेष उपस्थिति रही।

समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ, जिसके बाद बच्चों ने मराठी और गोंडी लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक विविधता का परिचय दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मार्शल आर्ट और पावर वॉक का प्रदर्शन रहा। बच्चों ने अपनी शारीरिक क्षमता और आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन करते हुए शक्ति से सुरक्षा की ओर के संकल्प को जीवंत कर दिया।

बच्चों ने जब पुलिस की वर्दी पहनकर अनुशासित परेड की, तो हर कदम के साथ यह एहसास गहरा होता गया कि प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती— उसे बस अवसर और विश्वास चाहिए।

कार्यक्रम का सबसे सशक्त, सबसे भावनात्मक क्षण तब आया, जब ष्टष्क्क जोन-4 श्री मयूर खंडेलवाल ने अपनी पावर वॉक करती नन्ही बच्ची को, जो स्वयं पुलिस यूनिफ़ॉर्म में थी, अपनी ढ्ढक्क- कैप महिला निरीक्षक के हाथों पहनवाई। यह दृश्य केवल एक औपचारिकता नहीं था, बल्कि बच्चों के लिए एक जीवित सपना था कि वे भी एक दिन इसी वर्दी में, इसी गरिमा के साथ समाज और देश की सेवा कर सकते हैं।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादकः ज्ञान सिंह बघेल।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), फोनः 9131883521, ई-मेलः janjanjagran@gmail.com **आर.एन.आई.नं. 58842/94**